खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, सोमवार 20 अक्टूबर 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 66 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

shahtimes2015@gmail.com | कार्तिक कृष्ण पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 27 रबीउल सानी 1447 हिज़री | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

### रोशनी के पर्व

दीपावली के मौके पर सभी देशवासियों को दिली मुबारकबाद

- सम्पादक

### अवकाश सूचना

दीपावली पर्व के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 22 अक्टूबर 2025 को प्रकाशित होगा

-प्रबंधक

### पाकिस्तान व अफगानिस्तान सीजफायर पर राजी

**दोहा।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने 9 अक्टूबर से जारी संघर्ष को रोकने के लिए शनिवार को तत्काल सीजफायर पर सहमति जताई। इसका ऐलान कतर के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर किया। बयान के मुताबिक, कतर और तुर्किए की मध्यस्थता में दोहा में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बातचीत हुई। इसमें दोनों पक्षों ने तत्काल सीजफायर लागू करने पर सहमति जताई। साथ ही सीमा पर स्थायी शांति और स्थिरता लाने के लिए व्यवस्था बनाने पर भी बात हुई। बयान में कहा गया है कि दोनों देशों ने अगले कुछ दिनों में फालो-अप मीटिंग करने पर भी सहमति जताई है।

# देशभर में 8.82 लाख अदालती आदेश अधर में

## सुप्रीम कोर्ट ने जताई गहरी नाराजगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ शीर्ष अदालत ने कर्नाटक हाईकोर्ट से जवाब तलब किया

**नई दिल्ली।** देश की सर्वोच्च अदालत ने देशभर में लंबित पड़े 8.82 लाख से ज्यादा निष्पादन याचिकाओं (अदालती आदेशों को लागू करवाने के लिए दायर याचिकाएं) पर सख्त नाराजगी जताई है। अदालत ने कहा कि ये स्थिति बेहद निराशाजनक और चिंताजनक है।

जब किसी नागरिक विवाद में अदालत कोई फैसला दे देती है और हारने वाला पक्ष उस आदेश को मानने से इन्कार कर देता है, तब विजेता पक्ष अदालत में निष्पादन याचिका दायर करता है, ताकि आदेश लागू हो सके। यानी यह प्रक्रिया अदालत के आदेश को जमीन पर उतारने की होती है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने कहा कि अदालत का आदेश अगर वर्षों तक लागू ही न हो सके, तो फिर ऐसे आदेश का कोई मतलब नहीं रह जाता। यह न्याय का मजाक बन जाएगा। अदालत ने बताया कि कुल 8,82,578 निष्पादन याचिका लंबित हैं। मार्च 2024 से अब तक लगभग 3.38 लाख मामलों का निपटारा हुआ, लेकिन बाकी अब भी अटके हुए हैं। कोर्ट ने सभी हाईकोर्टों से कहा कि वे जिला अदालतों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दें ताकि पुराने मामलों को जल्द निपटाया जा सके। कर्नाटक हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट को जरूरी आंकड़े नहीं भेजे। इस पर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि रजिस्ट्रार जनरल दो हफ्तों में जवाब दें कि जानकारी क्यों नहीं दी गई। 6 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि सभी हाईकोर्ट सर्कुलर जारी करें। निष्पादन याचिका छह महीने में निपटाई जाएं।

### 500 पेज की जमानत याचिका खारिज

**दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट बोली- यह बहुत बड़ी, इसे पढ़ने में कीमती वक्त लगेगा**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली की कड़कड़डूमा अदालत ने रेप केस के एक आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी, आरोपी के वकील की तरफ से दायर याचिका 500 पेज की थी। कोर्ट ने कहा कि यह बहुत बड़ी और भारी-भरकम है।

एडिशनल सेशन जज रमेश कुमार द्वितीय ने जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि एक ही दस्तावेज पर दोबारा गौर करना संभव नहीं है, क्योंकि यह बहुत बड़ा है। कोर्ट ने वकील को याचिका को छोटा करने की सलाह दी और एक नई याचिका दायर करने की छूट दी। आरोपी के खिलाफ कल्याणपुरी पुलिस स्टेशन में रेप केस में मामला दर्ज किया गया था। एएसजे रमेश कुमार ने 17 अक्टूबर को आदेश दिया कि जमानत के दस्तावेज बहुत बड़े हैं। अदालत पर पुराने मामलों के निपटारे का बोझ है। आवेदक/अभियुक्त का आवेदन बहुत बड़ा और स्थूल होने के कारण खारिज किया जाता है और इसे पढ़ने में कोर्ट का कीमती समय खराब होगा।

# अयोध्या के नाम दर्ज हुए दो विश्व कीर्तिमान



अयोध्या, वार्ता

■ रामनगरी पहुंचे प्रभु श्रीराम, 26 लाख दीए जलाकर स्वागत

■ गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ रिकॉर्ड

**प्रभु राजा** राम अयोध्या पहुंच गए। उनके आगमन पर पूरी अयोध्या रोशनी से नहा उठी। दीपोत्सव पर अयोध्या के नाम दो विश्व कीर्तिमान दर्ज हुए। पहले में राम की पैड़ी के 56 घाटों पर 26.11 लाख दीए जलाए गए।

ड्रोन से दीपों की गणना के बाद गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से स्वप्निल दंगारीकर व कंसल्टेंट निश्चल बरोट ने नए कीर्तिमान की घोषणा की। यह लगातार नौवीं बार विश्व रिकॉर्ड बना है। सीएम योगी आदित्यनाथ, प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य इस अद्‌भुत व अविस्मरणीय क्षण के साक्षी बने। वहीं दूसरा रिकॉर्ड सरयू आरती का रहा, जिसमें एक साथ 2100 वेदाचार्यों ने हिस्सा लिया। यह अनूठा रिकॉर्ड योगी सरकार ने दूसरी बार हासिल किया है। दीपोत्सव के इस दुर्लभ दृश्य को देखने के लिए देश के कोने-कोने से लोग उमड़े। दीपोत्सव के बाद यहां भव्य आतिशबाजी और ड्रोन शो हुआ। गिनीज बुक की 75 सदस्यीय गणना टीम ने शनिवार को सरयू के 56 घाटों के दीए की गणना विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षक, घाट प्रभारी, समन्वयक व गणना वॉलंटियर की मौजूदगी में की। दीए जलाने से पहले घाट पर तेल न गिरे, इसका विशेष ध्यान रखा गया। दीए में तेल डालने के बाद बाती के आगे वाले भाग पर कपूर का पाउडर लगाया जाएगा। इससे स्वयंसेवकों को दीए प्रज्ज्वलित करने में आसानी हुई। हर घाट पर दीयों को प्रज्ज्वलित करने के लिए कैंडल, माचिस, डंडे लगे कैंडल और अन्य सामग्री घाट के अनुसार निर्धारित दीयों की संख्या के अनुपात में एक ही बार में समन्वयकों को बांट दी गई थी।

### अमेरिका में 'नो-किंग' प्रोटेस्ट, 70 लाख लोग जुटे

**वाशिंगटन।** अमेरिका में रविवार को राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ सबसे बड़ा प्रदर्शन हुआ। इस प्रदर्शन में देश के अलग-अलग शहरों में 2600 से ज्यादा रैलियां निकाली गईं। इन रैलियों में करीब 70 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। इन प्रदर्शनों को नो किंग्स प्रोटेस्ट नाम दिया गया है।















# दीपावली पर घर जा रहे बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत

## परिवार में मचा कोहराम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** दीपावली त्यौहार के अवसर पर एक व्यक्ति की मौत से परिवार में मातम छा गया।

थाना क्षेत्र के जसपुर-सुआवाला मार्ग के मोड़ पर प्रतिमाह सड़क दुर्घटना में दो चार बाइक सवार काल का ग्रास बन जाते हैं या घायल होकर अपंग होकर जिन्दगी गुजार रहे होते है परन्तु विभागीय अधिकारी ने कसम खा रखी है उक्त मोड़ की समस्याओं से निजात न दिलाने की। सड़क किनारे बड़ी झाड़ियों ओर मोड़ के कारण सड़क दुघर्टना होती है।

एक मामला फिर सामने आया है। विकास शर्मा (35 वर्ष) पुत्र भाईलाल निवासी आफिसर एनक्लेव कॉलोनी हल्द्वानी देहरादून में नौकरी करता था। बीती रात्रि बाइक द्वारा दीपावली का त्यौहार मनाने अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह थाना क्षेत्र के गांव मनोहरवाली के समीप पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन की चेपट आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया गया। चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने कहा कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

# कोतवाली रोड पर बिना अनुबंधित ढाबों पर रोकी जा रही रोडवेज बसें

## यात्रियों को हो रही परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद कोतवाली रोड पर हिंदूपुर के पास एक ढाबे पर बिना अनुबंधित ढाबे पर उत्तर प्रदेश रोडवेज परिवहन की बसें रोकी जा रही है, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और राजस्व को भी हानि पहुंच रही है। इस विषय में नजीबाबाद रोडवेज परिवहन एआरएम रामप्यारे प्रसाद ने बताया कि इस मामले में संबंधित अधिकारियों को भेज कर जानकारी कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने रोडवेज बसों के ठहराव को लेकर एक सख्त निर्देश है। रोडवेज की बसें केवल उन ढाबों और रेस्टोरेंट्स पर रुकेंगी, जिन्हें निगम द्वारा अधिकृत किया गया है। अगर ड्राइवर-कंडक्टर ने मनमर्जी से बसें रोकी तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बिना अनुबंध ढाबों पर बसों को अवैध रूप से रोका जा रहा है, जिससे




दुर्घटना का खतरा है। बिना अनुबंध के ढाबों पर बसें रोकी जा रही हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा और विभाग को राजस्व का नुकसान हो रहा है।

# एसडीएम व सीओ ने पुलिस बल के साथ किया गश्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** मुख्य बाजार में दीपावली पर्व के मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टिगत एसडीएम व सीओ धामपुर ने पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की और पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

प्राप्त समाचार के अनुसार मुख्य बाजार में दीपावली पर्व पर सुरक्षा की दृष्टिगत एसडीएम स्मृति मिश्रा व सीओ अभय कुमार पांडेय ने पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। भीड़भाड़ वाले इलाके में पैदल गश्त की गई। इस मौके पर पुलिस को दीपावली पर्व पर बाजार में गश्त करने और सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजामत करने के लिए दिशा निर्देश दिए गए।

# विद्युत तार चोरी में बरेली के तीन आरोपी दबोचे

## पुलिस रामपुर के चार आरोपियों को पूर्व में कर चुकी है गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रेहड़।** मेघा इंजीनियरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी के गोदाम से पिछले माह 11 सितंबर को विद्युत तार के बंडल चोरी हो गए थे। इस मामले में कंपनी के गोदाम इंचार्ज वसी मौहम्मद निवासी सुपौल बिहार ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था।

रविवार को पुलिस ने इस घटना के तीन और आरोपितों को विद्युत तार व नकदी के साथ गिरफ्तार कर लिया, जबकि चार आरोपितों को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है। रेहड़ में काशीपुर-हरिद्वार नेशनल हाईवे किनारे मेघा इंजीनियरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर नामक कंपनी का गोदाम स्थित है। 11 सितंबरकी रात्रि चोर कंपनी के गोदाम से कंडेक्टर वायर (विद्युत तार) के बंडल चोरी कर ले गए थे। पुलिस इस घटना के चार आरोपियों अजीज अहमद पुत्र कबीर अहमद निवासी नयागांव थाना मिलक जिला रामपुर, राशिद पुत्र लियाकत व असीम पुत्र जमील अहमद निवासीगण मौहल्ला इस्लामनगर कस्बा व थाना मिलक जिला रामपुर व अय्यूब पुत्र मौ. रहीस निवासी कस्बा व थाना मिलक जिला रामपुर को पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है। रविवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर काशीपुर हरिद्वार नेशनल हाईवे पर स्थित पीएनसी ग्राउंड से इस मामले में वांछित चल रहे फिरासत पुत्र रहमत अली, कासिफ पुत्र विरासत व आकाश पुत्र लालाराम निवासीगण गांव फिरोजपुर थाना शाही जिला बरेली को गिरफ्तार किया है।



थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि आरोपियों से 10040 रुपए की नगदी, एक बंडल विद्युत तार एल्युमिनियम, टपारिया कंपनी का एक कटर व एक जबड़ा लोहा बरामद हुआ है।

# रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** ग्राम फीना स्थित हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्कृष्ट व आकर्षक रंगोली बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



रंगोली प्रतियोगिता में कुल 15 टोली बनाई गई। एक टोली में चार छात्राएं रहीं। छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली में दीपावली की अद्भुत छटा देखने को मिली, जिसने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। रंगोली के रंग-बिरंगे कलर अनेकता में एकता का संदेश प्रदर्शित कर रहे थे। कॉलेज प्रबंधक ठाकुर अशोक शास्त्री ने कहा कि दीपावली अंधकार को दूर कर प्रकाश की ओर ले जाती है। छात्रों को भी अपने अंधकार रूपी अज्ञान को शिक्षा ग्रहण कर दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा शिक्षा ही जीवन को जीना सिखाती है। छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली बहुत ही आकर्षक व प्रशंसनीय है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि वर्तमान में भारतीय लोगों की सोच में एक क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। जिस कारण महिलाएं सशक्त भारत निर्माण में अपना सर्वाधिक योगदान दे रहीं है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा ही समाज की कुंजी है। शिक्षा ही महिला पुरुष में समानता लाती है। वर्तमान युग में महिलाओं की शिक्षित होकर अपने अधिकारों के प्रति समझ बढ़ी है। जो भारत राष्ट्र को सबल बना रही है। प्रतियोगिता की निर्णायक भूगोल विभाग की प्रवक्ता डॉ. शिवाली राजपूत, छाया राजपूत, शनि, रुचि रहे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रही टोली को कालेज प्रबंधन तंत्र द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंध तंत्र की ओर से शिक्षकों, कर्मचारियों व छात्र-छात्राओं को दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

इस मौके पर कॉलेज प्रबंध कार्यकारिणी की रश्मि राजपूत, ठाकुर आकाश राजपूत, कॉलेज प्राचार्य डा. अशोक कुमार शर्मा, कॉलेज निदेशक ठाकुर आकाश शास्त्री, चीफ प्रॉक्टर डा. आरपी सिंह, दलीप कुमार, रुक्मिणी देवी, सुषैन बाबू शर्मा, डा. ओपी त्यागी, सचिन कुमार, ललित शर्मा, सोनू कुमार, राकेश कुमार, प्रदीप कुमार, विवेक कुमार, प्रशांत चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# तंबाकू का सेवन शारीरिक एवं मानसिक रूप से हानिकारक : बिशन लाल



**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज में तंबाकू निषेध कार्यक्रम प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल की अध्यक्षता एवं हिन्दी प्रवक्ता चंद्रहास सिंह के संचालन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने मद्य निषेध पर कहा कि तंबाकू का सेवन हमारे शारीरिक एवं मानसिक रूप से हानिकारक है। मादक पदार्थों जैसे सिगरेट, तंबाकू, शराब आदि के सेवन से कैंसर जैसी घातक बीमारी हो जाती है। साथ ही हमारे शरीर में और भी अनेकों बीमारी हो जाती है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य गयूर आसिफ, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, एसपी गंगवार, बालेश कुमार, नरेंद्र सिंह, सुधीर कुमार राजपूत, सुभाष बाबू राजपूत, अतुल कुमार रस्तोगी, करन वीर, डॉ. सुनील कुमार सिंह, तेजपाल सिंह, भूपेंद्र पाल सिंह आदि ने संबोधित किया।

# समाधान दिवस में 31 शिकायतें दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी डा. अंजनी कुमार चतुर्वेदी और तहसीलदार अमरपाल सिंह ने फरियादियों को सुना। संपूर्ण समाधान दिवस में 31 शिकायतें प्राप्त हुई। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में आने वाली सभी शिकायतों का निष्पक्ष जांच कर एवं समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी, तहसीलदार अमरपाल सिंह, नायब तहसीलदार अजब सिंह राणा सहित राजस्व और पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

दीपावली व गंगा स्नान की हार्दिक बधाई



डॉ. अशोक कुमार
स्काई हेल्थ सेंटर
निकट प्रीतम सिंह द्वार, मंडावर




## एक नजर

### महायज्ञ के लिए गोष्ठी संपन्न



**अफजलगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामनगर के समीप ग्राम शेरगढ़ के पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य इंटर कॉलेज में होने वाले महायज्ञ के लिए विचार गोष्ठी आयोजित की गई थी। विचार गोष्ठी ग्राम रामनगर के राम दर्शन कौशिक के निजी आवास पर संपन्न हुई। जिसमें शांतिकुंज हरिद्वार एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं व श्रद्धालुओं ने भाग लिया तथा सभी ने महायज्ञ के लिए गंभीरता से विचार रखे। सभी कार्यकर्ताओं ने आने वाली 26 अक्टूबर को निकलने वाली कलश यात्रा के लिए घोड़े-बग्गी, डीजे एवं ट्रैक्टर ट्रालियों द्वारा झांकियां निकालने के प्रस्ताव जिम्मेदारी के साथ पास किया। वहीं पर कार्यकर्ताओं को महायज्ञ में जिम्मेदारियां सौंपी गई। ताकि चार दिन चलने वाले महायज्ञ में बाहर से आए हुए किसी भी श्रद्धालुओं एवं कार्यकर्ताओं की ठहरने के लिए हर तरह का इंतजाम मिले। श्रद्धालुओं के लिए ठहरने की व्यवस्था श्रीराम शर्मा आचार्य इंटर कॉलेज शेरगढ़ में रहेगी। सभी कार्यकर्ताओं ने महायज्ञ में अपने विचार गंभीरता से रखें।

### वेलफेयर प्रेस क्लब ने दिव्यांग को दी रिक्शा



**अफजलगढ़।** थाने के समीप स्थित कर्णवाल बैंकट हॉल के पास वेलफेयर प्रेस क्लब अफजलगढ़ की ओर से एक दिव्यांग व्यक्ति को रिक्शा भेंट किया गया। स्थानीय निवासी गोहर अली खां मौहम्मद रिजवान को यह रिक्शा देकर क्लब के पदाधिकारियों ने उनके आवागमन को सुगम बनाने की सराहनीय पहल की है। दीपावली के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में क्लब के पदाधिकारियों ने समाजसेवा के क्षेत्र में क्लब की भूमिका पर चर्चा की। यह अफजलगढ़ का पहला वेलफेयर प्रेस क्लब है, जिसने किसी विकलांग व्यक्ति की सहायता के लिए अपने स्तर पर रिक्शा उपलब्ध कराया। इस पहल को नगरवासियों द्वारा खूब सराहा जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रेस क्लब के अध्यक्ष विनय भार्गव, सुनील कुमार, अगम जैन, जहीर एडवोकेट, हरिश्चंद्र कर्णवाल, संगम चौहान, नरेश गौतम, अब्दुल बारी, अनिल कुमार नारायण, सत्य प्रकाश, आमिर खान, डा. कोमल कुमार, अजमल हसन, गिरेंद्र सिंह और समेत कई पत्रकार मौजूद रहे। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

### नारायणवाला में जनचौपाल कार्यक्रम



**रेहड़।** ग्राम नारायणवाला में स्थित पंचायत घर में मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत जनचौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थानाध्यक्ष विकास कुमार ने महिलाओं व छात्राओं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया और उन्हें सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छेड़छाड़ या किसी भी साइबर फ्रॉड व अपराध की स्थिति में पीड़ित तुरंत पुलिस से संपर्क करें और बिना किसी संकोच के अपनी शिकायत दर्ज करायें। यदि कोई अप्रिय घटना घटित होने की संभावना हो तो सहायता के लिए तुरंत सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर पर सूचना दें, ताकि पुलिस समय से पहुंचकर पीड़ित की समस्या का समाधान कर सके। इस दौरान मिशन शक्ति कार्यक्रम के सहप्रभारी उपनिरीक्षक राघवेंद्र सिंह, मुख्य आरक्षी दिनेश चहल, महिला आरक्षी साक्षी व अनुष्का, ग्राम प्रधान बेगराज सिंह पाल आदि मौजूद रहे।

### एनएस इंटरनेशनल में दीपावली उत्सव



**बुढ़नपुर।** एनएस इंटरनेशनल स्कूल सदाफल में दीपावली का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें बच्चों ने मनमोहक रंगोलियां बनायी, दीपक सजाये, कंदील आदि बनाये गए। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल रूचि सिंह ने दीपावली पर्व के महत्व को समझाते हुये सदभावना से मिलजुल कर त्यौहार मनाने के लिये सभी को प्रेरित किया एवं बधाई दी। मैनेजर निखिल कुमार ने सभी को दीपावली पर्व की बधाई दी। इस अवसर पर समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों के साथ स्कूल को सजाकर भारतीय संस्कृति का परिचय दिया।

## अयोध्या से मुख्यमंत्री योगी ने भरी हुंकार

# जहां रामभक्तों पर चलीं गोलियां, हमने दीप जलाए

**अयोध्या।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामलला का दर्शन पूजन अर्चन कर राममंदिर परिसर में दीप प्रज्जवलित किया।

मुख्यमंत्री के साथ श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपतराय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र और राममंदिर प्रबंधन का कार्य देख रहे गोपाल राव मौजूद रहे। प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का काफिला राममंदिर पहुंचा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभु श्रीराम का दर्शन पूजन किया। प्रथम तल पर स्थापित रामदरबार में शीश झुकाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके बाद राममंदिर के मुख्य द्वार के सामने स्थित स्थल पर एक दीप प्रज्वलित कर प्रभु श्रीराम का स्मरण किया। श्रीराम के



■ पांच सौ साल का सनातन संघर्ष हम नहीं भूल सकते, कांग्रेस ने कहा था कि राम तो है ही नहीं, राम तो मिथक हैं

राज्याभिषेक समारोह के लिए राज दरबार की थीम पर रामकथा पार्क सज-धजकर तैयार है। योगी ने इस अवसर पर संतो को दीवाली का उपहार भी दिया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अब दुनिया भर के सनातन धर्मावलंबी अयोध्या आ रहे हैं। भारत के अलग-अलग कोनों से लोग रामलला का दर्शन करने आ रहे हैं। आज अयोध्या में विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया गया। हम नहीं भूल सकते हैं कि कांग्रेस ने कहा था कि राम तो हैं ही नहीं। राम तो मिथक हैं। उन्होंने सपा पर हमला करते हुए कहा कि राम मंदिर आंदोलन के दौरान समाजवादी पार्टी के लोगों ने राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान रामभक्तों पर गोलियां चलवाई थीं। उन्होंने गोली चलवाई थी हम दीप जला रहे हैं।

उन्होंने ताले लगवाए थे हम आस्था को आजाद कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर दीया हमें याद दिलाता है कि सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं हो सकता। सत्य की जीत ही नियति है और इसी जीत की नियति के साथ सनातन धर्म ने 500 सालों तक लगातार संघर्ष किया है। उन्हीं संघर्षों के परिणामस्वरूप अयोध्या में एक भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण हुआ है। अयोध्या में भव्य दीपोत्सव की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। दीपोत्सव स्थल पर लगभग सारी तैयारी पूरी हो चुकी है। अवध विश्वविद्यालय के करीब 35 हजार वॉलंटियर दीपकों में तेल और बाती डालने का काम कर रहे हैं। प्रभु श्रीराम की नगरी दीपों की रोशनी से नहाने को तैयार है, हर ओर उत्साह और भक्ति का माहौल बना हुआ है।

### अयोध्या का दीपोत्सव शुरू, जयवीर सिंह ने झाकियों को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश में अयोध्या का दिव्य भव्य दीपोत्सव शुरू हो गया। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र पर आधारित झाकियों को कामता प्रसाद सुंदर लाल साकेत महाविद्यालय से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। अयोध्या के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी उनके साथ झाकियों को हरी झंडी दिखाई। प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रथम पड़ाव पर प्रभु श्रीराम के जीवन पर आधारित झाकियों का अभिनन्दन किया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री सिंह ने कहा कि दीपोत्सव प्रभु श्रीराम के अयोध्या आगमन के अभिनन्दन का महापर्व है। लंका विजय के बाद प्रभु श्रीराम माता सीता भाई लक्ष्मण का स्वागत अयोध्या वासी पुष्पों की वर्षा कर करते हैं और शाम को दीपक जला कर अपनी खुशियों को प्रदर्शित करते हैं।

# 2027 में प्रजापति समाज के दीयों से जगमाएगी हर चौखट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दीपावली के अवसर पर बड़ा संकल्प लेते हुए कहा कि 2027 की दिवाली पर पीडीए सरकार उप्र के प्रजापति समाज के करोड़ों रुपए के दीये खरीदेगी, ताकि उनकी आमदनी इतनी बढ़े कि उनके घरों में कई महीनों तक दिवाली का प्रकाश बना रहे।

रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि आज की भाजपा सरकार दूर के तटीय राज्यों के लोगों को यह कार्य देकर उप्र के प्रजापति समाज का हक छीन रही है। हम चाहते हैं दीया भी उप्र का हो, बाती भी, तेल भी और रोशनी भी। भाजपा दीपोत्सव के ठेकों में उप्र के लोगों की उपेक्षा करके 'दीया तले अंधेरा' करने का पाप न करे। दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि सच्ची दिवाली



■ बीजेपी सरकार छीन रही प्रजापतियों का हक

तभी होगी, जब उसका उजाला हर घर तक पहुंचे और प्रदेश का हर मेहनतकश परिवार उस प्रकाश में अपनी खुशियां देख सके। इससे पूर्व त्यौहार को लेकर अखिलेश यादव ने कहा था कि त्योहार परस्परता के प्रतीक होते हैं। किसी की माटी, किसी का दीया, किसी का सूत, किसी की बाती, किसी का तेल, किसी की खील, किसी का कपड़ा, किसी की सिलाई, किसी का खोआ, किसी की मिठाई, किसी का खिलौना, किसी का बताशा, किसी की फुलझड़ी, किसी का पटाखा सौहार्द बचा रहेगा तो त्योहार बचा रहेगा।

### छोटी दिवाली पर सोने-चांदी के दामों में भारी उछाल

**नई दिल्ली।** रविवार को छोटी दिवाली के मौके पर देशभर के सर्राफा बाजारों में सोना और चांदी की कीमतों में जबरदस्त उछाल देखने को मिला। कुछ शहरों में तो सोने और चांदी ने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर को छू लिया है। खासकर 24 कैरेट सोने की कीमत ने1.31 लाख प्रति 10 ग्राम का आंकड़ा पार कर लिया है। वहीं, चांदी 1.90 लाख प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। देश के महानगरों भोपाल और इंदौर में 24 कैरेट सोने का भाव 1,30,910 रहा, जबकि दिल्ली, जयपुर, लखनऊ, चंडीगढ़ 1,31,010 रुपये, मुंबई, हैदराबाद, केरल और बेंगलुरु में 1,30,860 तथा चेन्नई में 1,30,910 रुपये रहा। चांदी की बात करें तो दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, लखनऊ, जयपुर, अहमदाबाद में 1,72,000 रुपये प्रति किलो, भोपाल और इंदौर में 1,85,000, चेन्नई, हैदराबाद, मदुरै, केरल, विजयवाड़ा, विशाखापट्टनम में 1,90,000 रुपये प्रति किलो रहा।

# दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं


ठाकुर अजय प्रताप सिंह
पूर्व प्रत्याशी भाजपा, ठाकुरद्वारा विस
मा. नरेन्द्र मोदी जी
प्रधानमंत्री, भारत सरकार
मा. योगी आदित्यनाथ जी
मुख्यमंत्री, उ.प्र. सरकार
सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली, गोवर्धन व भैया दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं

मा. नरेन्द्र मोदी जी
प्रधानमंत्री, भारत सरकार
मा. योगी आदित्यनाथ जी
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
सभी क्षेत्रवासियों को
दीपावली, गोवर्धन एवं भैया दूज की
हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश चौहान
दूल्हापुर, मो. 9917244111
9758136006

NAVTAP
Builders Private Limited
नवतप बिल्डर्स प्रा0 लि0
की ओर से आप सभी को
शुभ दिपावली
की
हार्दिक शुभकामनायें
www.navtapbuilders.com
NAVTAP Regal
9759999793
9759999794

सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली की
सर्व शिवा फिलिंग प्वाइंट
डीलर-इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लि.
मुरादाबाद रोड, बिलारी (मुरादाबाद)
हमारे यहां CNG की सुविधा उपलब्ध है।
साजन शर्मा
पेट्रोल पम्प पर शुद्ध व सही माप के पेट्रोल, डीजल व CNG की 24 घंटे बिक्री सेवा उपलब्ध है।
सौजन्य से:- श्री बालाजी धर्मकांटा, मुरादाबाद रोड, बिलारी

शगुन स्वीट हाऊस, ठाकुरद्वारा
की ओर से प्रकाश पर्व दीपावली-2025 गोवर्धन एवं भाई दूज की आप सभी सम्मानित नगर वासियों व क्षेत्रवासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं को
हार्दिक शुभकामनाएं
सत्य प्रकाश गुप्ता
भाजपा नेता
उच्च कोटि के देशी घी से बनी मिठाईयों के निर्माता

सभी देशवासियों एवं क्षेत्र वासियों को
दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
अमित यादव
Managing Director
Karawar Edible Oil Pvt. Ltd

सभी देशवासियों एवं क्षेत्र वासियों को
धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
सुरेन्द्र कुमार चुग - संरक्षक
एस. कुमार एम्योरियम व
चौधरी क्लाथ हाउस
नगर बिलारी
वरिष्ठ उपाध्यक्ष उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल बिलारी
सुरेन्द्र कुमार चुग
योगेश कुमार चुग
राजेन्द्र चुग
पुनीत कुमार चुग

दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
माथुर मेडिकोज
पशुओं की दवाओं के थोक विक्रेता
नोट:- हमारे यहां कुत्तों व बिल्ली का फूड मिलता है।
हमारे यहां पर गाय, भैंस के गद्दे भी उपलब्ध हैं।
आदित्य माथुर
प्रो. पुनीत माथुर
M. 9457585402
पता : मुरादाबाद रोड स्टेट बैंक के सामने, बिलारी

रईस इलेक्ट्रॉनिक्स की ओर से
सभी देशवासियों एवं क्षेत्र वासियों को
धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
पता-निकट मदीना मस्जिद
बस स्टेण्ड बिलारी

सभी देशवासियों एवं क्षेत्र वासियों को
धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनायें
सभी प्रकार के रेडीमेड वस्त्रों व स्कूल ड्रेस के विक्रेता
एस कुमार एण्ड ब्रादर्स
प्रो0:कमल किशोर -8979061311

राणा ग्रुप की इकाई
लक्ष्मीजी शुगर मिल्स कं0 लि0
(वर्क्स श्री अजुध्या शुगर मिल)
राजा का सहसपुर, बिलारी, (मुरादाबाद)
RANA SUGARS LIMITED
की ओर से समस्त कृषक भाइयों, क्षेत्रवासियों एवं पदाधिकारियों को
दीपावली, गोवर्धन एवं भैयादूज के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

सहर्ष सूचित किया जाता है कि आपकी बिलारी चीनी मिल के पेराई सत्र 2025–26 का शुभारम्भ नवंबर प्रथम सप्ताह को होने जा रहा है, सभी किसान भाइयों से अनुरोध है कि मिल के सुचारू संचालन में निम्न सहयोग करें :–

1. मिल को साफ–स्वच्छ एवं ताजा गन्ना ही आपूर्ति करे।
2. समिति पर्ची की वैधता 72 घंटे है अतः निर्धारित तिथि के अनुसार ही गन्ना आपूर्ति करें।
3. गेट एवं क्रय केन्द्रों पर निर्धारित हाड़े के अनुसार ही गन्ना लायें।
4. मिल गेट पर ग्रामों की समय सारिणी निर्धारित की गयी है, कृपया अपने ग्राम की निर्धारित शिफ्ट के अनुसार ही बैलगाड़ी,ठेला,ट्रिपलर ट्राली लायें।
5. शरदकालीन गन्ना बुवाई में उन्नतशील प्रजातियों जैसे– को0 118, को0 15023, को0शा0 13235, को0लख0 16202 एवं को0लख0 14201 की बुवाई करें।

सुभाष खोखर
उपाध्यक्ष

शुभ दीपावली
BIS सर्टिफाईड आभूषण-थोक रेट पर उपलब्ध*
उपहार उत्सव
धनतेरस व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
स्वर्ण हॉलमार्क आभूषण शुद्धता + बनवाई शुल्क 5.99% से शुरुआत
वर्षों का भरोसा हर पीढ़ी के साथ- 100% विश्वसनीय
मैसर्स श्री शिव कुमार गुप्ता एन्ड सन्स ज्वैलर्स
(मंडल का प्रमुख–100 % BIS सर्टिफाईड हॉलमार्क शोरुम)
फुटकर एवं थोक विक्रेता
शुभ ऑफर - आकर्षक लाभ
• भारतीय मानक ब्यूरो (BIS) द्वारा मान्यता प्राप्त हॉलमार्क स्वर्ण आभूषण 19% तक की छूट पर उपलब्ध* स्वर्ण आभूषण शुद्धता + 5.99% बनवाई से शुरुआत*)
• सर्टिफाइड डायमण्ड आभूषण 100% वापसी पर उपलब्ध*। (डायमण्ड आभूषण 20% तक की छूट पर उपलब्ध*)
• ब्रांडेड चाँदी के आभूषणों पर 25% तक की छूट पर उपलब्ध*।
• 92.50% शुद्ध चाँदी के फैन्सी आभूषणों की फुल रेंज उपलब्ध।
• 92.50% एवं 100% शुद्ध चाँदी के बर्तन, सिक्के और मूर्तियां उपलब्ध*
नियम व शर्तें लागू
PLATINUM
BIS
925 Sterling Silver
E.mail.:-skg.sons2108j.b@gmail.com
9756076638 9411002369
Customer Care No. 05921-297603
सागर गुप्ता
श्री गाँधी आश्रम के बराबर में, न्यू व्हाइट बिल्डिंग, बिलारी मुरादाबाद-244411

आवश्यक सूचना
नगर में हमारा दूसरा शोरूम कहीं नहीं है अपनी बहुमूल्य खरीदारी सावधानी से करें, धोखाधड़ी से बचें।
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
SINCE 1974
नगर का एक मात्र
100% BIS सर्टिफाइड आभूषण शोरूम
मै. श्री शिव अर्चना ज्वैलर्स एण्ड बैंकर्स®
सर्टिफाइड स्वर्ण एवं डायमंड आभूषण के आधुनिक डिजाइन
आपके बजट अनुसार हॉलसेल रेट पर उपलब्ध हैं।
SHRI SHIV ARCHNA JEWELLERS & BANKERS
न्यू जौली टी.वी. शोरूम के ठीक सामने,
शिव अर्चना कामर्शियल कॉम्पलैक्स, बिलारी (मुरादाबाद)
कस्टमर केयर - 9412134964, 8171507151

# दीपावली की नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं

## दहेज उत्पीड़न में दो गिरफ्तार

**शेरकोट।** पति से विवाद के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में जान देने वाली महिला मामले में मृतका के मायके पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर पति सहित छह लोगों को नामजद किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पति और ससुर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वाजिदपुर निवासी आसिफा का शुक्रवार को किसी बात को लेकर पति नूर आलम से विवाद हो गया था। बताया जाता है कि विवाद के बाद वह देर शाम घर से निकल गई थी। शनिवार तड़के उसका शव कब्रिस्तान के पास एक पेड़ से लटका मिला था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। घटना की जानकारी मिलते ही मृतका के मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंच गये और ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या का आरोप लगाया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने पति नूर आलम, ससुर सईद पुत्र झजुर समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस द्वारा पति नूर आलम और ससुर सईद को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है। वहीं सीओ अफजलगढ़ आलोक सिंह ने बताया कि नामजद शेष चार आरोपियों की तलाश की जा रही है, जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।





दीपावली की सभी को बधाई

गगन अग्रवाल एड.
वरिष्ठ समाजसेवी
मंडावर, जनपद- बिजनौर

दीपावली की सभी को बधाई

हारून रशीद
प्रबंधक-मंडावर डिग्री कॉलेज
मंडावर, बिजनौर

दीपावली की सभी को बधाई

अखिलेश कुमार
सभासद
नगर पालिका परिषद, किरतपुर

दीपावली की सभी को बधाई

एड. अंकित रस्तौगी
पूर्व अध्यक्ष-एडवोकेट एसोसिएशन, किरतपुर
श्री राम ज्वैलर्स, मेन मार्किट, किरतपुर

सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज की बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं
दीपक कुमार
प्रबन्धक
नव ज्योति नर्सिंग होम
नूरपुर, जनपद-बिजनौर


सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज की बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं
डॉ. अनुज कुमार यादव
पशुचिकित्साधिकारी
मुराहट, बिजनौर


सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज की बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं
संघर्ष चौहान
प्रबन्धक
फ्यूचर चिल्ड्रेंस एकेडमी स्कूल
शिवाला कलां, जनपद-बिजनौर


दीपावली की सभी को बधाई

डॉ. रोहित सिंह
नवादा चुंगी, मौहल्ला मिल्कियान, स्योहारा

दीपावली की सभी को बधाई

लवी मित्तल
नगीना नगर मंडल उपाध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी, नगीना

दीपावली की सभी को बधाई

कपिल पवार
सभासद
मौहल्ला लोहारी सराय ( पूर्वी )
वार्ड नंबर - 01, नगर पालिका नगीना

दीपावली की सभी को बधाई

हरपाल सिंह
प्रधानाचार्य
डॉ. बी.आर.ए. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
ग्राम नाईवाला, तहसील नगीना

Hero
दीपावली की सभी को बधाई

अशोक राजपूत
जय दुर्गा ऑटोमोबाइल्स
फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध
दीपावली पर छूट का लाभ लें
धामपुर रोड, नगीना

दीपावली की सभी को बधाई

राजकुमार उर्फ जॉनी
सभासद
मौ. कस्बा, नगर पालिका नगीना

# दीपावली की नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं

## रवा राजपूत संघ का परिवार मिलन समारोह

### स्मृति चिन्ह व परिचय पत्रिका देकर किया सम्मानित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रवा राजपूत संघ बिजनौर के तत्वावधान मे परिवार मिलन समारोह का आयोजन किरण उत्सव मण्डप बिजनौर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विनीत राजपूत अध्यक्ष रवा राजपूत संघ बिजनौर व संचालन मनीष राजपूत व पुनीत राजपूत ने संयुक्त रूप से किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विनीत राजपूत ने कहा कि रवा राजपूत संघ बिजनौर की स्थापना हुए लगभग 11 वर्ष हो गये है और इन 11 वर्षो मे हम चलते हुए इस मुकाम पर पहुंचे है। पूरी यात्रा मे सभी ने भरपूर सहयोग किया जिसका परिणाम आज एक मजबूत संगठन के रूप मे सामने आया है।

उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में और इस डिजिटल युग में सोशल मीडिया का इस्तेमाल सब करते है। इसके बहुत से लाभ है परंतु ये सब दोधारी तलवार है, इसलिए हमें इसके दुष्परिणाम से भी वाकिफ होना चाहिए और अपनी युवा पीढ़ी को समझना चाहिए कि इन सबका बड़ी सावधानी से व अपनी मान मर्यादा का ध्यान रखते हुए करना चाहिये। आज के युग में हम युवाओं को बहुत अच्छी व उच्च स्तर की शिक्षा दिला रहें है, परंतु इस नम्बरों की दौड़ में हम संस्कारों को भूलते जा रहें है। इसके कारण हम स्वछंद समाज की ओर बढ़ रहे है।

परिवार मिलन समारोह मे भवि, हार्दिक, भविष्य आशवी, पूर्वी, चार्वी, चेतस ने बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रमों सी प्रस्तुति की। समारोह में शिक्षा क्षेत्र के लिए जयेश राजपूत, कनिका राजपूत, गहना राजपूत, नित्यम राजपूत, चेतस राजपूत, ह्त्वी राजपूत, आरव राजपूत, बानी राजपूत, पूर्वी राजपूत, चार्वी राजपूत, भविष्य राजपूत, टिकेश राजपूत, राघव राजपूत, हिमानी राजपूत, लक्ष्य राजपूत, सैंची राजपूत, प्रज्ञा राजपूत, आदित्य राजपूत, कनक राजपूत, साक्षी राजपूत, पायल राजपूत, जयेश राजपूत, हितेश राजपूत, तनिष्क राजपूत, आशुतोष राजपूत, डॉ. गौरव राजपूत को शिक्षा उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में सभी परिवारों को परिचय के साथ ही स्मृति चिन्ह व परिचय पत्रिका देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में देवेन्द्र राजपूत कोमल सिंह, डॉ. सुरेश चन्द तोमर, अवनीश गांगियान, सर्वेश कुमार, सत्येन्द्र कुमार, विपिन कुमार, पवन कुमार, संजीव राजपूत, जिवेन्द्र कुमार, देवेन्द्र कुमार, विवेक कुमार, सैची राजपूत, दीपा राजपूत, दिव्या राजपूत, संजय राजपूत, ललित राजपूत, गौतम राजपूत, योगेन्द्र राजपूत, अजय कृष्ण राजपूत, प्रदीप राजपूत, सर्वेश राजपूत, सुधीर कुमार, प्राची राजपूत, सुधा राजपूत, संगीता राजपूत, प्रशांत कुमार, तन्मय राजपूत, सचिन कुमार, भूमिका राजपूत, किरन राजपूत, विनीता राजपूत, मीना राजपूत, चक्रिता राजपूत, गजेन्द्र राजपूत, भोपाल राजपूत, ललित कुमार, योगेन्द्र पाल सिंह, दीपक कुमार, शशांक राजपूत आदि उपस्थित रहें।

## सर सैयद अहमद खां की जयंती मनाई

### अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के संस्थापक को दी श्रद्धांजलि




**मौहम्मद इकबाल अंसारी**

**स्योहारा।** 'हजारों साल नरगिस अपनी बेनूरी पर रोती है, बड़ी मुश्किल से होता है चमन में दीदावर पैदा' यह शेर उस शख्स पर बिल्कुल सटीक बैठता है, जिसने तालीम को समाज सुधार का सबसे बड़ा जरिया बनाया।

अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के संस्थापक सर सैयद अहमद खां का 208वां जन्मदिन स्योहारा में एएमयू ओल्ड बॉयज असोसिएशन द्वारा एवरग्रीन बैंक्वेट हॉल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सफदरजंग अस्पताल नई दिल्ली के सीनियर सर्जन प्रो. डॉ. तारिक हमीद मौजूद रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. मोहसिन रजा और जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार सिंह मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत तिलावत-ए-कुरआन पाक से हुई। इसके बाद अतिथियों का स्वागत शॉल ओढ़ाकर और बुके भेंट कर किया गया।

वक्ताओं ने सर सैयद अहमद खां के जीवन विचारों और शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. अजीमुद्दीन ने कहा कि कुछ समय पहले एएमयू पर जाति और धर्म से जुड़ी बातें फैलाने का आरोप लगाया गया था, जबकि सच्चाई यह है कि एएमयू वह जगह है जहां हर धर्म हर तबके और हर विचारधारा के लोगों को समान अवसर और सम्मान मिलता है। यही सर सैयद की असली विरासत है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. खुर्शीद हसन, डॉ. आसिफ अंसारी, जावेद शम्स, शमीम जैदी, जकी उर्रहमान, डॉ. कमाल, डॉ. साजिद, डॉ. वसी उर्रहमान, डॉ. शमीम अहमद, डॉ, आरिफ अंसारी, अमजद अंसारी, फहीम कुरैशी, उपनिरीक्षक असकर खान, अहसन एडवोकेट, जीशान अली, सुभान रबी और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंत में अध्यक्ष डॉ. खुर्शीद हसन, उपाध्यक्ष डॉ. आसिफ अंसारी और महामंत्री जावेद शम्स ने सभी का आभार व्यक्त किया।

नगर के वरिष्ठ समाजसेवी अहसन जमील के निवास पर भी सर सैयद डे के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें कुरान पाक की तिलावत की गई। सर सैयद अहमद खां के लिए दुआएं की गईं और उनके विचारों को पढ़कर उन पर चर्चा की गई। उपस्थित लोगों ने कहा कि सर सैयद के विचार आज भी समाज को राह दिखाने वाले हैं और शिक्षा ही उनके मिशन की सच्ची पहचान है।

रोशनी के पर्व दीपावली की सभी देशवासियों व किसान भाईयों को हार्दिक शुभकामनाएं



मौहम्मद रिजवान
युवा प्रदेश उपाध्यक्ष ( पश्चिमी उत्तर प्रदेश )
भारतीय किसान यूनियन ( तोमर )
निवास- ग्राम कासमपुर गढ़ी, ब्लॉक अफजलगढ़, बिजनौर

दीपावली की सभी नागरिकों और किसान भाईयों को हार्दिक बधाई



मौहम्मद यूसुफ कुरैशी
ब्लॉक उपाध्यक्ष- भाकियू टिकैत
निवासी ग्राम मानियावाला, ब्लॉक अफजलगढ़

दीपावली व गंगा स्नान की हार्दिक बधाई



Al-Sadiq Memorial Clinic
Dr. Mohd Imran Ansari
B.U.M.S.M.D.(EMS) Pune



रोशनी के पर्व दीपावली की समस्त नागरिकों व किसान भाईयों को हार्दिक शुभकामनाएं



महल सिंह
ब्लॉक अध्यक्ष- भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक
निवासी - ग्राम रानी नांगल, ब्लॉक अफजलगढ़

मास्टर विरेन्द्र सिंह
ब्लॉक महासचिव-- भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक
निवासी - ग्राम गौवर्धनपुर नाबका, ब्लॉक अफजलगढ़

दीपावली व गंगा स्नान की हार्दिक बधाई



हाजी मौहम्मद अनवर
( डेरी वाले )
प्रधान पद के भावी प्रत्याशी
ग्राम पंचायत कासमपुर गढ़ी, अफजलगढ़

दीपावली व गंगा स्नान की हार्दिक बधाई



जरीफ अहमद उस्मानी
जिला सचिव सपा
भावी प्रत्याशी- जिला पंचायत सदस्य
वार्ड नम्बर 5 निवासी ग्राम हर्रावाला उर्फ अमाननगर, थाना रेहड़

## बाइक सवार की मौत

**अफजलगढ़।** विकास शर्मा (35) पुत्र भैया लाल शर्मा निवासी ऑफिसर एन्क्लेब थाना हल्द्वानी नैनीताल निवासी हरिद्वार से बाइक द्वारा जसपुर की ओर जा रहा था। ग्राम भूतपुरी के निकट मनोहरवाली कट के पास उसकी बाइक में किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस व राहगीरों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया, जहां से उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बताया गया कि मृतक हिमाचल प्रदेश के पोंटा साहिब में नौकरी करता था और उसकी एक छह वर्षीय पुत्री भी है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। साथ ही अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है।

सभी को दीपावली, भैयादूज व गंगा स्नान की हार्दिक बधाई

डॉ. रजनीश
पूर्व चिकित्सक-सीएचसी, अफजलगढ़
पता- निकट भारतीय स्टेट बैंक, अफजलगढ़
मरीजों को देखने का समय
दोपहर 12:30 बजे से 2:00 बजे तक
नोट:- रविवार को अवकाश





# रिक्शा वालों के सम्मान में कांग्रेसी नेता मैदान में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** समाजवादी पार्टी के विधायक का बयान तूल पकड़ता जा रहा है। विपक्षी दलों के नेताओं को मुददा मिल गया है। रिक्शा वाले का बेटा रिक्शा वाला बनेगा बयान पर कांग्रेस नेता मैदान में आ गए है। रिक्शा वालों के साथ रिक्शा चलाकर विरोध किया।

**० कांग्रेसी नेता ने विधायक के बयान के विरोध में चलाया रिक्शा**

समाजवादी पार्टी के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री इकबाल महमूद के रिक्शा वाले का बेटा रिक्शा वाला नही बनेगा तो ओर क्या बनेगा व विधायक का बेटा नहीं बनेगा तो क्या बनेगा बयान तूल पकड़ गया है। कांग्रेस नेता एवं पूर्व प्रत्याशी हाजी मुशीर खान तरीन ने स्वयं रिक्शा चलाकर पूर्वमंत्री/सपा विधायक के बयान का विरोध किया। रिक्शा वालों के सम्मान में सम्भल की अवाम मैदान में नारे संग अपने आवास से सवारियों को बैठाकर चौधरी सराय मार्ग पर रिक्शा चलाकर विरोध किया। इस दौरान मुशीर खां तरीन ने कहा कि सपा विधायक ने यह बयान देकर न केवल रिक्शा वालों का अपमान किया है बल्कि उनका यह बयान यह साबित करता है कि वह अपने ओर परिवार के सामने गरीब व रिक्शा वालों की कोई इज्जत नहीं समझते हैं। इसीलिए सपा विधायक इकबाल महमूद ने यह बयान जानबूझकर रिक्शा वालों का अपमान करने के लिए दिया है। उन्होने कहा कि जबकि सच यह है कि रिक्शा वालों के बेटे व बेटियां आइएएस, आइपीएस, इंजीनियर और डॉक्टर भी बन रहे हैं। सपा विधायक यह भूल गये हैं कि मेहनत पर किसी की बपौती नहीं है। रिक्शा वाले दो जून की रोटी पाने को मेहनत करते हैं और इज्जत व सम्मान के साथ अपना व अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। लेकिन सपा विधायक रिक्शा वालों का ही अपमान करने में ज़रा भी हिचकिचाट महसूस नहीं करते। इस दौरान कांग्रेसी नेता रिक्शा वालों के सम्मान में स्वयं ईरिक्शा लेकर सड़क पर आ गए और उन्होने मुख्य मार्ग पर रिक्शा चलाकर विरोध किया।



सम्भल- सपा विधायक के बयान के विरोध में ई-रिक्शा चलाते कांग्रेसी नेता मुशीर खां तरीन।

**मिलावट माफियाओं की सक्रियता से बाजार में खपा देते हैं नकली मावा**

# त्यौहार पर मिलावट खोर करते हैं स्वाद किकिरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** प्रत्येक त्यौहार उमंग और उत्साह से लेकर आते हैं लेकिन इन मौकों पर मिलावट खोर स्वाद को किरकिरा कर देते हैं। मावा की बेतहाशा मांग और माफियाओं की सक्रियता एंव निर्भीकता से त्यौहार की चमक में सैंकड़ो कुन्तल मिलावटी और नकली मावा बाजार में खपा दिया जाता है और दुकानों से होकर लोगों के पेट में बड़े आराम से पहुंच जाता है। इसकी मांग अधिक होने पर पड़ोसी क्षेत्रों से इसकी खेप की सप्लाई मंगाई जाती है। जिसमें अधिकांश मात्रा में यह नकली होता है। सूत्रों की मानें तो मिलावटी खोवा बनाने के लिए पहले दूध से क्रीम निकाली जाती है। सपरेटा दूध में यूरिया दूध पाउडर और घटिया क्वालिटी का वनस्पति घी मिलाया जाता है। इस तैयार माल को उबालकर हूबहू असली मावा तैयार कर लिया जाता है। इसमें मीठापन और चिकनाई बढ़ाने के लिए चीनी व रिफाइंड तेल मिला दिया जाता है। इसके अलावा शुद्व खोबे में मिलावट के लिए शकरकंदी सिंघाड़े का आटा, आलू और मैदा का इस्तेमाल किया जाता है।हालांके खाद्य सुरक्षा व औषद्यी प्रशासन विभाग की ओर से चलाये गए अभियान में कई मिलावट खोरों पर शिकंजा कसा गया है, लेकिन अभी भी मिलावटी सामान की बिक्री कम नहीं है।

## यातायात पुलिस ने सम्भाली व्यवस्था

**शाह टाइम्स, ब्यूरो**

**सम्भल।** दीपावली पर्व पर बड़े वाहनों और दो पहिया वाहनों के बड़ी संख्या में आवागमन पर जाम के हालात बन गए। यातायात पुलिस ने व्यवस्था को सम्भालते हुए वाहनों का आवागमन सुचारू कराया। कई बार चौराहों पर जाम के हालात कई बार बने,लेकिन व्यवस्थित ढंग से वाहनों का आवागमन कराकर जाम लगने नहीं दिया गया। जबकि मुख्य बाज़ार में इस बार दो पहिया वाहनों को पूरी तरह से प्रतिबंधित रखा गया। जिस कारण बाज़ार में आने वाले खरीदार जाम ओर अन्य झंझटों से बचे रहे।

# रोमांच में न भूले बच्चों की सुरक्षा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** यूं तो बच्चे आसमान में उड़कर चिंगारियां छोड़ते हुए रॉकेट दागकर फटता देख बम ध माकों से रोमांचित हो उठते हैं। इसमें कोई संदेह भी नही है कि इससे बच्चों को तो क्या बड़े भी आनंद से पीछे नही रहते हैं। क्योंकि यह इतना मजे का होता है कि लोग इससे पैदा होने वाले खतरे और नुकसान को भी भूल जाते है। अक्सर इन्हे चलाने व जलाने के सुरक्षित उपायों को दरकिनार कर दिया जाता है। जिससे खुशी का माहौल गम में बदल जाता है। यह भी नही हो सकता कि बच्चे आतिशबाजी छोड़ते समय मोज मनाते वक्त प्रत्येक बच्चे पर निगाह रखी जा सके या फिर विशेष रूप से किशोरों को आतिशबाजी जलाने से रोका जाए।

देश में सामूहिक पर्व की कोई धारण नही, मगर उदाहरण के तौर पर दशहरे की सांय रावण और उसके साथियों के पुतले के जलने पर की जाने वाली आतिशबाजी दर्शकों की हजारों की भीड़ के आर्कषण का केन्द्र बन जाती है। इसी धारणा को अब लाभ के लिए आतिशबाजी के प्रर्दशन को भी अपनाया जा सकता है। जिसमें लोग खुली जगह इकटठे हों और सुरक्षित एवं निर्यत्रित स्थितियों वाले पटाखों के नजारों तथा आवाज का मजा लें।

इस तरह के प्रर्दशनके लाभ के बारे में जागरूकता लाने के लिए प्रचार का माध्यम अधिक मदद कर सकता है। आओ इस दीपावली पर हम सब मिलकर प्रयास करें कि र्दुघटना न हो और सुरक्षित रहकर त्यौहार का मजा लें। जिसके लिए कुछ सुझाव अपनाएं। पड़ोसी इकटठा हों और ग्रुप बनाकर चंद लोग ही अतिशबाजी जलाकर बाकी सबकों उसका मजा दिलाएं। पटाखे, एवं आतिशबाजी का अन्य सामान किसी ऐरे गैरे से न खरीदकर कम्पनियां द्वारा बनायी जा रही अतिशबाजी खरीदें। बच्चों के साथ बड़ा व्यक्ति ही पटाखे आदि जलाए और बच्चो को इससे दूर रखा जाए। भीड़ वाले स्थान से दूर रहकर खुले मैदान में दूर से इसका प्रयोग करें। पटाखे जलाने के दौरान दूर से आग लगाएं। यदि पटाखे में आग न लग सके और वह जलने से रह जाए तो तत्काल पास जाकर न देंखे, क्योंकि वह खतरनाक साबित हो सकता है। अनार आदि हाथ में लेकर न जलाएं मज़ाक में जलते हुए पटाखे व फुलझड़ी एक दूसरे पर न फैंके, क्योंकि आपके इस मजाक के परिणाम खतरनाक हो सकते है। आतिशबाजी का सामन गर्मी पैदा करने वाली एवं गर्म स्थानों के निकट कदापि न रखें। फर्स्ट एड का सामान और पानी से भरी बाल्टी पास हो। असहाय, बीमार, वृद्व लोगों का ध्यान रखकर तेज आवाज वाले पटाखे उनके पास न जलाएं। इन सभी बातों पर विशेष ध्यान दें जिससे दीपावली पर किसी को कोई नुक्सान न हो और खुशी गम में न बदलने पाए, जबकि पटाखो छोड़ते समय अपने आसपास पानी और रेता भी रखे।

# मानकों की अंदेखी आबादी में पटाखों का निर्माण

**० अधिकारी चलाएं चेकिंग अभियान**

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर गुन्नौर में आबादी में पटाखों का निर्माण किया जा रहा है। जिससे लोगों की जान को खतरा है। लोगों का कहना है कि अधिकारी चैकिंग अभियान चलाएं। जिससे दीपावली से पूर्व कोई हादसा न हो।

नगर गुन्नौर में दीपावली से पूर्व पटाखों का निर्माण किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि पटाखे आबादी में बनाए जा रहे हैं। जबकि यह निर्देश है कि पटाखों का निर्माण आबादी से दूर किया जाए। जिससे कोई घटना न हो। दीपावली पर काफी संख्या में पटाखे छोड़े जाते हैं।इनका निर्माण काफी समय पूर्व से ही करने में कारीगर जुड़ जाते हैं। गुन्नौर में कुछ दुकानदारों के लाइसेंस बने हुए लेकिन कुछ वैसे ही निर्माण कार्य में लगे हैं। लोगों का कहना है कि जिन लोगों के लाइसेंस है वह भी अन्य लोगों को काम देकर नगर में इधर-उधर घरों में पटाखे तैयार करवा रहे हैं। जबकि पटाखा तैयार करने के नियम निर्देश जारी कर दिए गए हैं। पटाखे आबादी से दूर बनाए जाएं। पटाखा बनाने की क्षमताएं भी निधर्रित है। लेकिन नियमों का कोई पालन नहीं कर रहा है। गुन्नौर में इनकी अनदेखी की जा रही है।नगर के लोगों का कहना है कि अधिकारी लाइसेंसी व गैर लाइसेंसी दुकानदारों के यहां जाकर जांच करें तो सच्चाई उजागर हो जाएगी। अधिकारी यह जांच करें कि दीपावली पर पटाखों के निर्माण के दौरान कोई हादसा न घटित हो। पटाखों का निर्माण मानकों के अनुसार हो। उपजिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश वर्मा ने कहा कि पटाखों का निर्माण मानकों के अनुरूप करने के निर्देश लाइसेंसी दुकानदारों को दिए गए हैं। आबादी में निर्माण करने वालों पर कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। पटाखे बेचने के लिए लाइसेंस बनवाना होगा।

# वैदिक वस्तुओं से करें दीपावली का पूजन

**शाह टाइम्स संवाददता**

**बबराला।** वैदिक रीति अनुसार वैदिक वस्तुओं से दीपावली की रात्रि में पूजन करने से धन वृद्वि (बरकत) होती है। यह जानकारी पण्डित उमाकांत शर्मा ने दी है। उन्होंने बताया वैदिक वस्तुओं में कौड़ी,गोमती चक्र,श्री कोठी ,तांबे के सिक्के ,काली हल्दी ,श्री यंत्र आदि का प्रयोग किया जाना चाहिए। इसे सिद्व कराकर घर दुकान आदि में स्थापित कर एक वर्ष तक धान, सुख समृद्वि प्राप्त कर सकते हैं। इसे धान वृद्वि हेतु दो कर्ज मुक्ति तीन दांपत्य सुख हेतु तैयार किया जाता रहा है। धनकुबेर पोटली का कोई भी नकारात्मक प्रभाव नहीं है। इसमें सभी वैदिक पूज्यनीय वस्तुओं का उपयोग किया जाता है। पूजन विधि से करने पर मन को विशेष शांति मिलती है।

**० दीपावली की रात्रि पूजन से होती है धन वृद्धि**

## प्राथमिक विद्यालय में छात्राओं व महिलाओं को किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** मिशन शक्ति फेस 5.0/एंटी रोमियो अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालय ग्राम पल्था , थाना रायसत्ती में जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं/ बच्चों को उनके अधिकारों समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने के लिए उन्हें शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध व बाल श्रम अपराध , लैंगिक समानता के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें समझाया गया कि मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य न केवल महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वास्थ्य बारे में जागरूक करना है, बल्कि उन्हे सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाना है।। इस दौरान महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन 1076, आपात कालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, मिशन शक्ति कार्यक्रम में उ.नि. सचिन कुमार, हे. का. हरिराम, कां.गीतम सिंह, कां. जितेंद्र सिंह, कां. प्रशांत, म. कां. सोनम रानी आदि मौजूद रहे।

# विकसित उत्तर प्रदेश पर लिए गए सुझाव में जिले को मिला पहला स्थान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** मुख्य सचिव की अध्यक्षता में मण्डलायुक्त और जिलाधिकारी संग वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में विभिन्न विभागों एवं भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के साथ राजस्व की प्राप्ति व जिलाधिकारी द्वारा एजेण्डा बिन्दु विकसित उत्तर प्रदेश/2047 पर जनपद के द्वारा सुझाव फीडबैक प्राप्त करने में उत्तर प्रदेश में जिले का पहला स्थान होने पर प्रस्तुतिकरण दिया गया।

प्रस्तुति करण के तहत जिलाधिकारी द्वारा विजन डॉक्यूमेंट 2047 के लिए चिन्हित 12 सेक्टर में जनपद में दिये गये सुझाव फीडबैक की जानकारी देकर बताया कि 18 सितम्बर 2025 को सुझाव फीडबैक में जनपद का 777 सुझावों के साथ उत्तर प्रदेश में 61 वां स्थान था। जबकि अब प्रथम स्थान पर है। जनपद में इसको लेकर विभिन्न कार्यक्रमों में लोगों को शपथ भी दिलायी गयी तथा एक रणनीति भी बनायी गयी जिसमें सभी सरकारी विभाग विभिन्न संस्थाएं धएनजीओ, ग्राम कुल ग्राम सचिवालय तथा ग्राम चौपालों में तथा जनसुनवाई के अन्तर्गत भी जनसामान्य से सुझाव लिए गये। विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश सुझाव हेतु उद्यमी, व्यवसाय ,महिला संगठन, श्रमिक संगठनों के साथ कृषकों एफपीओ के सदस्य एवं कृषि वैज्ञानिकों ,छात्रों ,अध्यापकों शिक्षाविदों से संवाद तथा मीडिया ,आम जनमानस, ग्राम प्रधान पंचायत सहायक ,रोजगार सेवक अधिशासी अधिकारी नगर निकाय मेंबर ,एनजीओ,राशन डीलर आंगनबाड़ी स्वयं सहायता समूह एएनएम , सीएचओ, आशा वर्कर, कृषक तथा नीमा, आईएमए, रोटरी क्लब के साथ बैठकें की गयीं। साथ ही नगर निकायों में वार्ड वार सुझाव फीडबैक को लेकर बैठकें आयोजित कराकर पार्षदों के सहयोग से वार्ड वार सुझाव लिये गए।इसके अलावा जिला मुख्यालय पर क्यूआर कोड युक्त फ्लैक्स लगाये गये तथा एक कार्मिक की तैनाती भी की गयी।

## एक नज़र इधर भी

### कार ने बाइक में टक्कर मारी, चार घायल

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** थाना क्षेत्र के आगरा-मुरादाबाद हाईवे पर गांव कैल के गए नजदीक पीछे से तेज रफ्तार आ रही अज्ञात कार ने बाइक पर सवार बहन-भाई व एक वर्षीय मासूम सहित चार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी बबलू बाइक से अपने मामा छत्रपाल के साथ रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर से अपनी बहन शारदा व एक वर्षीय मासूम शिवानी को बाइक पर बिठाकर ला रहा था। हाईवे पर गांव कैल के पास कार ने बाइक में टक्कर मार दी।



असमोली- भैंस चोरी के गिरफ्तार किए गए दो आरोपी।

### भैंस चोरी के दो आरोपी किए गिरफ्तार

**असमोली( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** पुलिस ने भेंस चोरी के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। असमोली थाना क्षेत्र के ग्राम राजेन्द्र सिंह पुत्र गंगाराम निवासी ग्राम नटों वाली मढ़ैया ने पुलिस को भेंस चोरी करने की तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच श्युरू कर दी। भैंस चोरी के दो आरोपियों को पुलिस ने ग्राम सेंधरी चौराहो से ग्राम ढोड़ी की ओर जाने वाले रास्ते से दबौच लिया। असमोली थाना प्रुभारी राजीव कुमार ने बताया कि अपराधियों की धर पकड़ को चलाये जा रहे अभियान के दौरान आरोपी नासिर पुत्र जाहिद निवासी ग्राम मंडलाई थाना रायसत्ती व इरफान पुत्र बिसारत निवासी ग्राम गौंजनी मिलक को गिरफ्तार किया। आरोपियों का चालान कर दिया गया। पकड़े गए आरोपी नासिर पर एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं जबकि इरफान पर पांच मामले दर्ज्र हैं। आरोपियों को पकड़ने में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, हे. कां. योगोश तोमर, कां. रोबिन राठी, कां. बन्टी शामिल रहे।



सम्भल- रंग बिरंगी लाइटों से नहाय शहर में खरीदारी करते लोग।

### रंग बिरंगी लाइटों से बाजार और गली मौहल्ले हुए जगमग

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** दीपावली पर्व पर बाज़ार में रौनक छायी रही,जबकि दुकानों पर तरह-तरह के मिष्ठान आदि की जमकर खरीदारी की गई। प्रकाश पर्व दीपावली पर बाज़ार में भारी भीड़ रही। सुबह समय से पूर्व खुले बाज़ार में खरीदारों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। घर और मकान दूकान की साज सज्जा तथा रौशनी के लिए विभिन्न प्रकार की रंग बिरंगी लाईटों की खरीदारी की। दोपहर तक बाज़ार में खरीदारों की उमड़ पड़ी। पुलिस के सख्त इंतेजामों के चलते इस बार मनचले बाज़ार में दिखायी नहीं दिए। जबकि दिन ढलते ही बाज़ार में दुकानाअे, गली मौहल्लों में रंग बिरंगी लाईटों से सजी दुकानें और मकान रौशनी से नहा उठे। हर ओर दूर-दूर तक रौशनी ही रोशनी दिखायी देने लगी। साथ ही सरकारी इमारतें भी रंग बिरंगी लाईटों से जगमग रहीं। नगर पालिका परिषद में की गई सजावट और रंग बिरंगी लाईटों से पालिका परिसर रौशनी से नहा गया। इसके अलावा बाज़ारों में देर रात तक रौनक छायी रही। जहां ग्राहक दुकानों से खरीदारी करते नजर आए वहीं दुकानदार भी देर रात तक अपनी-अपनी दुकानों को खोलकर बिक्री करते रहे।

### स्वास्थ्य मिशन की बैठक में समीक्षा

**सम्भल। ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। कलैक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई बैठक में डीपीएम संजीव राठौर ने बैठक में प्रमुख बिंदुओं की जानकारी दी। पीएचसी एचौड़ा कम्बोह में कोल्डचैन क्रियाशील होने के बारे में अवगत कराया। जबकि सभी ग्रामों में पेट की जांच को टेबल एवं पर्दा उपलब्धता को लेकर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटटने जिला पंचायती राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि ग्रामवार सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। जननी सुरक्षा योजना, एफआरयू पर भी चर्चा की। डीपीएम ने तम्बाकु नियंत्रण कार्यक्रम की जानकारी दी।

# नरक चतुदर्शी पर हुई पूजा अर्चना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** नगर के सन्तोषी माता श्री बाँकेबिहारी मन्दिर में पण्डित श्याम बिहारी ने बताया कि छोटी दिवाली, जिसे नरक चतुर्दशी भी कहा जाता है, दीपावली के पूर्व दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाई जाती है। यह पर्व अंधकार पर प्रकाश, और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर राक्षस का वधकर संसार को भय और अत्याचार से मुक्त कराया था। यह दिन हमें यह संदेश देता है कि हमारे जीवन से भी नकारात्मकता, ईर्ष्या, क्रोध और अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान, प्रेम और सद्भाव के दीप जलाने चाहिए। छोटी दिवाली का दीपक केवल घरों को नहीं, बल्कि दिलों को भी रोशन करता है। इस छोटी दिवाली पर हम सभी मिलकर संकल्प लें कि सच्चाई, ईमानदारी और इंसानियत की ज्योति को सदैव प्रज्वलित रखें। जिससे समाज में न्याय, समानता और भाईचारे का प्रकाश फैल सके। इस दौरान भोला गोयल, पूजा गोयल, कार्तिक, लक्ष्मीकांत शर्मा, नीरज शर्मा, संजय शर्मा, चित्र शर्मा आदि रहे।

**० हर्षोल्लास से मनायी गई छोटी दीपावली**

## वित्त विहीन शिक्षकों को जल्द शुरू हो मानदेय

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर में हुई वित्तविहीन शिक्षकों की बैठक में शिक्षकों ने कहा कि प्रदेश सरकार वित्तविहीन शिक्षकों को मानदेय देना आरम्भ नहीं कर रही है।जबकि वित्तविहीन शिक्षकों ने पिछली सरकार में काफी संघर्ष व लाठी डंडे खाने के बाद मानदेय शुरू कराया था जो प्रोत्साहन राशि के रूप में प्राप्त होने लगा था।उसे बंद कर दिया। यह भी आश्वासन दिया गया कि हम इससे बेहतर करेंगे। इसके लिए नियमावली में बदलाव भी किया जाएगा। लेकिन अब तक कुछ नहीं किया गया। अब समय सभी को मानदेय देने का आ गया है।जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। अगर ऐसा नहीं हुआ तो इसका असर आगामी चुनाव में देखने को मिल सकता है। बैठक में संजय शर्मा, चित्र शर्मा, एके शर्मा,चन्द्रपाल, नेत्रपाल, योगेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# दीनी जलसे में अमन व खुशहाली की दुआ

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** चिश्तिया सेवा समिति के तत्वावधान में दीनी जलसे का आयोजन किया गया। जलसे में अमन व खुशहाली की दुआ करायी और इल्म हासिल करने पर ज़ोर दिया।

थाना हयातनगर क्षेत्र के ग्राम नसीरपुर में आयोजित दीनी जलसे में आस पास व दूर दराज से आये शायरों एवं उलेमाओं ने दीन पर रोशनी डाली जबकि लोगों से इल्म हासिल करने व अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने पर ज़ोर दिया। उलेमाओं ने इस्लाम के बनाये गए नियमों का पालन करने तथा नमाज की पाबंदी हर हाल में करने का आहवान किया। जलसे की शुरूआत सरवरे कौनेन कसे किया गया। जबकि मौलाना जुबैर रजा हस्सानी ने नाते पाक पढ़ी। हजरत मौलाना मुफ्ती मौहम्मद इमरान हनफी ने सम्बोधन किया। जलसे में नसीरपुर के मौलाना हाजी ईस्माईल नूरी साहब, कारी मौ. रागिब उल इस्लाम रजा मस्जिद के इमाम व मौलाना मौहम्मद युसफ रजा मदीना मस्जिद इमाम व दिगर उलामा भी मौजूद रहे और हजरत मुफ्ती मौ. अहसन मियाँ ने अमन व खुशहाली के लिये दुआ कराई। इस मौके पर चिश्तिया सेवा समिति के सदस्य मुख्तार हुसैन, नजर मौहम्मद, मौ. हुसैन, मौ. सालिम, फुरकान, मौ. तय्यब, मौ. आरिफ, बाबू भाई, अलीवारिस, मौ. सुब्हान, शाहिद कादरी, मौ. बिलाल, मौ. नाजिर, शाहनवाज, मौ. रहूफ, रिजवान, जाने आलम, इमरान, मौ. हुसैन, रेहान, इस्तकार अली वारिस, दिलशाद मास्टर, मुन्तसिब, सरफराज, आमिर खांन शाने आलम, शाहरुख, डा. मौ. सोहिल, नजारुल, सलमान, नदीम, अहमद रजा, शादाब, अशरुफ, छोटे अब्बासी, शाने आलम, इमरान, आदिल, शफीक, मोमीन, नासिर आदि मौजूद रहे।



सम्भल- ग्राम नसीपुर में जलसे को सम्बोधित करते उलेमा।

# सेवानिवृत फौजी ने ज़रूरतमंदों को किए कम्बल वितरित

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** सेवा निवृत जूनियर कमीशंड ऑफिसर ने ज़रूरतमंदों को कम्बल व शॉल और गर्म वस्त्रों का वितरण कर मावता का फर्ज अदा किया।

तहसील क्षेत्र के ग्राम शरीफपुर में इंडियन नेवी के रिटायर्ड जूनियर कमीशंड ऑफिसर नसीर अहमद ने दीपावली के पावन अवसर पर अपने गांव के जरुरतमंद लोगों को कंबल और शैल का वितरण किया। ग्रामीणों के अनुसार, नसीर अहमद पिछले तीन वर्षों से निरंतर अपने गांव में जरूरतमंदों की मदद कर रहे हैं। हर साल सर्दी की शुरुआत में वे गरीब परिवारों को कंबल और शॉल वितरित करते हैं। इतना ही नहीं,गांव में किसी भी व्यक्ति की समस्या होने पर वे स्वयं आगे बढकर समाधान में सहयोग करते हैं। नसीर अहमद ने बताया कि वह एक रिटायर फौजी हैं और फौजी का कर्तव्य सिर्फ देश की सेवा करना नहीं बल्कि अपने गांव और समाज की सेवा करना भी है। इसीलिए वह किसी भी भेदभाव के बिना हर धर्म और जाति के लोगों की मदद करता हैं। जिससे गांव में एकता, भाईचारा और शांति बनी रहे। उन्होंने कहा कि दीपावली पर गांव के प्रत्येक परिवार को मिठाई भी वितरित की जाएगी, जिससे त्योहार को प्रेम, सद्भाव और एकता के साथ मनाया जा सके।



सम्भल- ग्राम शरीफपुर में ज़रूरतमंदों को कम्बल आदि का वितरण करते।

# मिठाई के साथ तौला गया डब्बा

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** दीपावली के त्योहार पर ग्राहकों को मिठाई के भाव ही फटटे का डिब्बा तौला जा रहा है। त्योहारों में मिठाई के साथ डिब्बों की कीमत वसूलना ग्राहकों की जेब पर बोझ पड़ रहा है। नियमों की ध ज्जियां उड़ रही हैं। त्योहारों का मौसम आते ही बाजारों में मिठाइयों की बिक्री अपने चरम पर पहुंच जाती है। लोग उत्साह और उमंग से त्योहार मनाने के लिए मिठाई की खरीदारी करते हैं, लेकिन इस खुशी के मौके पर कुछ मिठाई विक्रेता ग्राहकों से अनुचित लाभ उठाने का प्रयास कर रहे हैं। कई दुकानदार मिठाई की कीमत के साथ-साथ डिब्बे का अतिरिक्त शुल्क भी वसूल रहे हैं, जिससे ग्राहकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्राहकों का कहना है कि दुकानदार बिना किसी पूर्व जानकारी के मिठाई के डिब्बे का पैसा अलग से जोड़ देते हैं, जिससे मिठाई की कुल कीमत काफी बढ़ जाती है। यह स्थिति न केवल उपभोक्ताओं के अधिकारों का उल्लंघन है, बल्कि इससे बाजार में भ्रम और असमंजस की स्थिति भी पैदा हो गई है। बाटमाप विभाग मूकदर्शक बना है। उस पर कोई फर्क नहीं पड़ता उपभोक्ताओं की जेब कटे तो कटे उसके अधिकारियों व कर्मचारियों को बाहर निकल कर देखना ही नहीं है। जिससे ग्राहकों में रोष है।

**०विभाग की मूकदर्शता से ग्राहकों में रोष**

**सम्बंध-विच्छेद**

मेरा सगा पुत्र नासिर व उसकी पत्नी गुलनाज झगड़ालु किस्म के लोग है। मेरे व मेरे परिवार के साथ गाली-गलौंच व मारपीट करते हैं और झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकियां देते रहते हैं। मैने उक्त नासिर व उसकी पत्नी गुलनाज को बहुत समझाया मगर वह दोनो अपनी हरकत से बाज नहीं आये। मैने मजबूर होकर नासिर और गुलनाज को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करके घर से निकाल दिया और अपने सम्बंध विच्छेद कर लिये हैं। अब वह दोनो अपने किसी भी कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**मौ. शफीक पुत्र रईस खां**

नि. मौ. बरखेरियान सरायतरीन थाना हयात नगर तह. व जि. सम्भल।

# पुलिस ने चोरी के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, वाहन के दस्तावेज बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। थाना मझोला पुलिस ने वाहन के दस्तावेज चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई फाइल व अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, दिनांक 17 अक्तूबर 2025 को वादी अफाक अहमद पुत्र इस्तकार निवासी देव. बंद, जिला सहारनपुर ने थाना मझोला में तहरीर देकर बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने उसकी वाहन से संबंधित दस्तावेजों की फाइल चोरी कर ली है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना मझोला पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर की सूचना के आधार पर दिनांक 19 अक्तूबर को चोरी में लिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान संजू सागर उर्फ खुजली पुत्र राजकपूर सागर निवासी प्रकाश नगर, थाना मझोला,



मुरादाबाद तथा दीपांशू शर्मा पुत्र ब्रजमोहन निवासी चाऊ की बस्ती, सूर्यनगर चौराहा, लाइनपार, थाना मझोला, मुरादाबाद के रूप में हुई है।पुलिस ने दोनों के कब्जे से एक थैला और एक फाइल जिसमें वाहन के दस्तावेज थे, बरामद की है।थाना मझोला प्रभारी ने बताया कि आरो. पियों से पूछताछ की जा रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि क्या वह किसी अन्य चोरी की घटनाओं में शामिल रहे हैं। पुलिस ने कहा कि शहर में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए गश्त और निगरानी को और अधिक सख्त किया गया है।

# दीपावली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा विधायक ठाकुर रामवीर सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** विधानसभा के रतनपुर कलां मंडल और कुंदरकी मंडल में आयोजित दीपावली मिलन कार्यक्रम में भाजपा विधायक ठाकुर रामवीर सिंह उपस्थित रहे। रतनपुर कलां मंडल का कार्यक्रम राज फॉर्म हाउस गागन तिराहा और कुंदरकी मंडल का कार्यक्रम ब्लॉक सभागार कुंदरकी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुंद. रकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों को मिष्ठान, चांदी का सिक्का, दीपक, उपहार और देशी घी देते हुए दीपावली की शुभकामनाएं प्रदान की।



विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि दीपावली पर्व भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का अनुपम धरोहर है। सभी पार्टी कार्यकर्ता मेरे परिवारजन है, यह एक पारिवारिक आयोजन है जिसमें अपनापन, प्रेम और सौहार्द का संदेश निहित है। एक वर्ष पूर्व आपके द्वारा किए अथक परिश्रम से मिली विजय के बाद में भी पूरी जिम्मेदारी से क्षेत्र के विकास के लिए गया हुआ हूं। विधायक निधि के अलावा अनेकों योजनाओं से क्षेत्र में विकास कार्य चल रहे है। में जब भी मुख्यमंत्री या किसी भी मंत्री से मिलता हूं, कुंद. रकी के लिए कुछ न कुछ मांग रख देता हूं।

इसी उत्साह और उमंग के साथ आप सभी मेरे परिवारजन ऐसे ही लगे रहे तो में और अधिक ऊर्जा के साथ कार्य कर पाऊंगा। मां लक्ष्मी से सभी पर असीम कृपा, अमन-चौन और सामाजिक समरसता बने रहने की कामना करता हूं। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गुलाम जिलानी, मेंहदी हसन, पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता एडवोकेट, मंडल अध्यक्ष बबलू जाटव, मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, बिजेन्द्र चौधरी, राजवीर ,बृजेश, यादराम , सोनू ठाकुर, जाहिद , दयाराम, अरविंद ठाकुर, रामकिशोर लोधी, जुली सैनी, संजय दिवाकर, सोनू रस्तौगी, मजलूम पाशा सहित समस्त मंडल कार्यकारणी, शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी प्रवासी, बूथ अध्यक्ष सहित प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए।

## एक नजर

### विद्यार्थियों ने बनाई सुंदर-सुंदर रंगोली



**कुंदरकी।** अलबरू हायर सेकेंडरी स्कूल में दीपावली के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता अध्यापक श्री कलीम पाशा जी के नेतृत्व में की गई ।प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगोली में भरे रंगों के माध्यम से सभी को दिवाली की शुभकामनाएं दी। रंगोली प्रतियोगिता तीन स्पोर्ट हाउसेज के बीच में हुई जिसमें ग्रीन हाउस विजेता रहा। विद्यार्थियों ने दिया डेकोरेशन , सुंदर-सुंदर पेंटिंग्स , कविताएं भी सुनाई। विजेताओं का चुनाव जांच कमेटी के द्वारा किया गया जांच कमेटी में प्रधानाचार्य मोहम्मद अकरम प्रबंधक तस्लीम अहमद तथा अध्यापक कलीम पाशा थे। समस्त स्टाफ ने भी सभी विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए रंगोली की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद अकरम जी द्वारा बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

प्रतियोगिता में इरम,उजमा, नवाजिश ,गरिमा, गार्गी सामिया, मानसी ,इशिका, लायबा ,संजना, शिवम ,अर्शी, फकिहा , जमजम, शाजबी,आदि विद्यार्थियों ने भाग लिया ।अंत में विद्यालय के प्रबंधक सी तस्लीम अहमद जी ने विद्यार्थियों तथा समस्त स्टाफ को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि जिस प्रकार उजाला अंधकार को मिटाता है उसी प्रकार आप सभी के जीवन से सारा दुख सारी समस्याएं दूर हो जाए

### एक माह से युवती गायब, बरामद नहीं

चन्दौसी। कोवताली क्षेत्र की लड़की गायब हो गई और घर में रखे 40 हजार रु. भी अपने साथ ले गई लेकिन साथ ले जाने वाले लड़के ने उसे रेलवे स्टेशन पर छोड़ दिया और अब तक लड़की बरामद नहीं हो पाई है। पुलिस इस मामले में बिसौली के रहने वाले एक टैम्पू चालक से पूंछताछ कर रही है। सूत्रों के अनुसार, टैम्पू चालक ने अपने दोस्त के साथ मिलकर युवती से 40 हजार रु. ले लिये और उसे किसी व्यक्ति के हवाले कर दिये। लगभग एक माह बाद भी युवती बरामद नहीं हो पाई है। पुलिस फिलहाल पूंछताछ के जरिये युवती को बरामद करने का प्रयास कर रही है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में धर्मवीर को 20 वर्ष की सजा

**■ सहयोगी यशपाल को पांच वर्ष की सजा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने और दुष्कर्म करने के मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट)/अपर जनपद न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह की अदालत ने अभियुक्त धर्मवीर को 20 वर्ष के कारावास एवं 59 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं, सहअभियुक्त यशपाल को पांच वर्ष के कारावास के साथ छह हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई है। विशेष लोक अभियोजक आदित्य सिंह ने बताया कि थाना धनारी क्षेत्र के गांव गुरेठा घेर निवासी धर्मवीर का वादी के घर आना-जाना था। इस दौरान उसने वादी की 15 वर्षीय पुत्री को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और 21 मई 2019 को उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। इस कार्य में गांव के ही भूपेन्द्र ने सहयोग किया। किशोरी अपने साथ घर से करीब ढाई तोला सोना, चांदी के जेवर और 22 हजार रुपये नकद भी ले गई थी। परिजनों की काफी खोजबीन के बाद भी जब बच्ची का पता नहीं चला तो उन्होंने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। लगभग 25 दिन बाद पुलिस ने किशोरी को बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया। पूछताछ में किशोरी ने बताया कि धर्मवीर को यशपाल ने भी सहयोग किया था। मामले की विवेचना पूरी होने पर पुलिस ने धर्मवीर और यशपाल के खिलाफ अपहरण व दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में आरोपपत्र दाखिल किया। सुनवाई के दौरान दोष सिद्ध होने पर अदालत ने दोनों अभियुक्तों को उपरोक्त सजा सुनाई।

# चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम की 100 फीट लंबी रंगोली बनाकर दिया संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दीपावली पर्व की पूर्व संध्या पर चित्रगुप्त इंटर कॉलेज का परिसर आस्था और सृजनशीलता के रंगों से निखर उठा। यहां छात्र-छात्राओं ने मिलकर अयोध्या में स्थित भव्य श्रीराम मंदिर एवं भगवान श्रीराम की 100 फीट लंबी रंगोली बनाकर सबका मन मोह लिया। इस अनोखी रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज को यह संदेश दिया कि हम सब मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की जन्मभूमि के निवासी हैं और हमें उनके आदर्शों, मर्यादा, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलकर समाज को नई दिशा देने के लिए प्रेरित होना चाहिए।रंगोली निर्माण में ध्रुव यादव, अंश, समृद्धि कौशिक, देवांश, वंश, केशव, प्रिंस, अभिषेक, यश और दीपक सहित अन्य विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रंगोली में भगवान श्रीराम के जीवन के विभिन्न प्रसंगों को दर्शाया गया, जिसमें अयोध्या धाम, राम दरबार और दीपों से सजे मंदिर का अद्भुत दृश्य उपस्थित किया गया। विद्यार्थियों ने पीले, लाल, नीले और हरे रंगों के मिश्रण से रंगोली को जीवंत रूप दिया, जो देखते ही बनता था।रंगोली निर्माण का निर्देशन कला शिक्षक डॉ. नवनीत



गोस्वामी ने किया। उन्होंने बताया कि इस रचना का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, धर्म और परंपरा के प्रति श्रद्धा भाव विकसित करना है। कॉलेज प्रबंधन ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया और कहा कि ऐसे आयोजन न केवल कला को बढ़ावा देते हैं, बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना भी जागृत करते हैं।

### दीपावली पर स्वच्छता का संकल्प लें, पॉलीथीन का प्रयोग न करें: अखिलेश खिलाड़ी

**चन्दौसी।** दीपावली रोशनी और खुशियों का पर्व है, इसे स्वच्छता और



पर्यावरण संरक्षण के साथ मनाना चाहिए। नगरपालिका अध्यक्षा के पति एवं समाजसेवी अखिलेश कुमार खिलाड़ी ने नगरवासियों से अपील की है कि पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए तेज ध्वनि वाले पटाखों का प्रयोग न करें। उन्होंने कहा कि दीपोत्सव आनंद और मिलन का त्यौहार है, इसे आपसी सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। तेज आवाज वाले पटाखे न केवल प्रदूषण फैलाते हैं, बल्कि कई बार दुर्घटनाओं का कारण भी बन जाते हैं। विशेष रूप से हृदय रोगियों, बुजुर्गों और छोटे बच्चों के लिए यह अत्यंत हानिकारक होते हैं। समाजसेवी खिलाड़ी ने कहा कि माता लक्ष्मी की पूजा के इस पर्व को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक के रूप में मनाना चाहिए। उन्होंने लोगों से अपील की कि छोटे बच्चों को पटाखे जलाते समय विशेष सावधानी बरतें, क्योंकि 'जहाँ असावधानी हटी, वहाँ दुर्घटना घटी' की कहावत इस समय पूरी तरह लागू होती है। साथ ही लोगों से पॉलीथीन का प्रयोग न करने की भी बात कही। अखिलेश खिलाड़ी ने नगरवासियों को दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि सब लोग मिलजुलकर प्रेम, सद्भाव और स्वच्छता का संदेश फैलाएँ ताकि यह पर्व वास्तव में 'दीपों का उत्सव' बन सके।

# आईएफटीएम में अत्यंत उत्साह के साथ मनाई गई दिवाली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने पूरे उत्साह के साथ दिवाली का पर्व मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल एवं स्कूल की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया। कुलसचिव डॉ. अग्रवाल ने सभी स्टाफ मेंबर्स को दिवाली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दिवाली खुशियों का पर्व है। भगवान श्री रामचंद्र जी द्वारा लंकापति रावण का वध तथा लोगों को आसुरी शक्तियों से मुक्त करने के पश्चात् उनकी अयोध्या वापसी से अभिभूत होकर पूरी अयोध्या नगरी को दियों से सजाया गया था, दिवाली पर्व इसी का प्रतीक है तथा तभी से प्रत्येक वर्ष दिवाली मनाने की परम्परा शुरू हुई। वहीं स्कूल की निदेशिका डॉ. अग्रवाल ने इको फ्रेंडली दिवाली मनाने के प्रति सभी शिक्षकों और कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सभी के लिए सुख समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि सभी लोग मिलजुलकर शिक्षण और शोध कार्य में अपना श्रेष्ठ योगदान दें। उन्होंने दिवाली के महत्व और विश्वविद्यालय के भीतर समुदाय और सशक्तिकरण की भावना को बढ़ावा देने में ऐसे समारोहों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल खुशी और उल्लास लाते हैं,



बल्कि संकाय और कर्मचारियों के बीच संबंधों को भी मजबूत करते हैं। दिवाली पूजन में मैनेजमेंट विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार यादव, होटल मैनेजमेंट की विभागाध्यक्षा डॉ. मेघा भाटिया, कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष सक्सेना, डॉ. हिमांशु गुप्ता समेत स्कूल के सभी विभागों के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही, जिन्होंने पूरे जोश और उत्साह के साथ पूजा अर्चना की। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यकमों का भी आयोजन किया गया, जिनमें समस्त स्टाफ ने बेहतरीन रंगोली बनाई तथा जीवंत रंगों और लयबद्ध धुनों के साथ अपनी-अपनी प्रस्तुतियां दीं। अंत में डॉ. स्वाती राय ने सभी उपस्थितों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# डीएम व एसपी ने किया पैदल मार्च



**चन्दौसी।** धनतेरस, दीपावली, भैयादूज एवं गोवर्धन पर्व को लेकर नगर में सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार ने नगरपालि. का क्षेत्र चन्दौसी में पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया। अधिकारियों का यह मार्च फव्वारा चौक से आरंभ होकर मुरादाबाद गेट, बड़ा बाजार, पसरट्टा, सर्राफा बाजार होते हुए घण्टाघर तक निक. ला गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मार्ग में दुकानदारों से संवाद कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा संबंधित अधिकारियों को त्योहारों के दौरान सुरक्षा, स्वच्छता व यातायात व्यवस्था के सुदृढ़ प्रबंधन के निर्देश दिए।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी चन्दौसी आशुतोष तिवारी, क्षेत्राधिकारी चन्दौसी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका चन्दौसी धर्मराज सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दीपावली की रौनक से गुलजार हुए बाजार, दिनभर उमड़ी खरीददारों की भीड़

**चन्दौसी।** दीपावली पर्व को लेकर पिछले कई दिनों से नगर के बाजारों में चहल-पहल है। हर गली और चौक रंग-बिरंगी झालरों, दीयों और मिठाइयों की खुशबू से महक रहा है। धनतेरस के बाद से ही व्यापारिक गतिविधियाँ तेज हो गई हैं। नगर के फव्वारा चौक, मुरादाबाद गेट, बड़ा बाजार, घंटाघर, सर्राफा, संभल गेट में दुक. ानों से खील-खिलौने, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं, गृह सज्जा सामग्री, कपड़े, मिठाई, सोना-चांदी, खिलौने और पूजा सामग्री आदि खरीदे। वहीं महिलाएं दीप, मोमबत्तियां, रंगोली, लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां व घर सजाने का सामान खरीदती नजर आई, तो बच्चे पटाखे और खिलौनों की दुकानों के आसपास उत्साह से घूमते दिखे। व्यापारियों के चेहरे भी रौनक से दमक उठे।

**आवश्यकता हैं**

श्रीमती शांति चौहान स्मारक महाविद्यालय किशनपुर दूल्हानंगला टांडा रामपुर में प्राचार्य 1 पद, प्रवक्ता शिक्षाशास्त्र 1 पद, भूगोल 1 पद, इतिहास 1 पद, चित्रकला 1 पद वेतनमान, योग्यता यूजीसी नियमानुसार- 9719739765, 9758761922

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०) महोदय, मुरादाबाद।**
**उत्तराधिकार वि. वाद सं.** 291/25
**तारीख पेशी:** 24.10.2025

1. पृथ्वी कुमार महाजन पुत्र स्वर्गीय रामलाल महाजन, 2. विजय कुमार महाजन निवासीगण 114 डिप्टी गंज आंशिक, मुरादाबाद-**वादीगण।**

**बनाम**

1. ईशा महाजन पुत्री पृथ्वी कुमार महाजन निवासी लाजपत नगर निकट एनसीसी आफिस, मुरादाबाद।
2. रामिका महाजन पुत्री विजय कुमार महाजन निवासी 114 डिप्टी गंज, मुरादाबाद।
3. **जनता आम-विपक्षीगण।**

इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा पृथ्वी कुमार महाजन आदि। हुसूल सार्टीफिकेट वसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा पृथ्वी कुमार महाजन आदि। मुसबफा मृतका पत्नियां अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1878 ई. बकत रू. 33,22,000/-हरगाह मुसम्मा पृथ्वी कुमार महाजन आदि। ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 24 मास 10 सन् 2025 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तवत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या वकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि. ) महोदय मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रर हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुनाने और हुक्म मुनासिब निस्वत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।

**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (सी०डि०), मुरादाबाद।**

# ब्राह्मण महिला सभा ने सत्य नारायण मंदिर में मनाया गया दीप उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** ब्राह्मण महिला सभा के तत्वाधान में रविवार को स्टेशन रोड स्थित सत्यनारायण मंदिर में दीप उत्सव पर्व मनाया गया। नगराध्यक्ष उर्मिला शर्मा की अध्यक्षता में सभा के समस्त सदस्यों ने मिलकर दीपावली पर्व पर मंदिर में भगवान श्रीगणेश एवं मां लक्ष्मी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किए और प्रसाद लगाया। महामंत्री रंजना शर्मा ने बताया कि त्रेता युग में भगवान श्रीराम चौदह वर्ष के वनवास के पश्चात कार्तिक मास की अमावस्या को अयोध्या लौटे तब अयोध्यावासियों ने प्रभु श्रीराम मां सीता ओर लक्ष्मण का स्वागत घी के दीपक जलाकर किया था। तब से सनातन धर्म में घर-घर दिवाली मनाई जाती है। साथ ही इस पर्व के अवसर पर सबके घर-घर साफ सफाई की जाती हैं ताकि मां लक्ष्मी सब पर अपनी कृपा बनाये रखें और सबको खुशहाल रखें। ब्राह्मण महिला सभा प्रत्येक वर्ष दीपावली पर्व पर मंदिर में जाकर दीप उत्सव धूमधाम से



मनाते हैं। आज इस अवसर पर सत्यनायराण मंदिर के पंडित पीयूष शर्मा को शाल पहनाकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर उर्मिला शर्मा, रानी शर्मा, मीरा दुबे, सुधा शर्मा, स्वर्णलता दीक्षित, सरोज शर्मा, रेखा शर्मा, शंकुलतला शर्मा, ज्योति शर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उर्मिला शर्मा ने ओर संचालन रंजना शर्मा के द्वारा किया गया।

# धनतेरस पर मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**चन्दौसी।** धनतेरस के पावन पर्व पर डॉ भीमराव अंबेडकर कल्याण समिति की तरफ से सत्र 2024-25 के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजस. ेवी अखिलेश कुमार खिलाड़ीएवं विशिष्ट अतिथि देवी सिंह, राजेंद्र वर्मा, ममता रानी, महानंदन गौतम, प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी के द्वारा नाजिश एवं प्रतिज्ञा गौतम को साइकिल देकर सम्मानित किया गया तथा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रिंस, अवनेश, जुनेद, वंदना, रमसा, इरम को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी शिक्षकों ने अपने विचारों



से सभी छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। स्कूल संचालक महानंदन गौतम, प्रबंधक ममता रानी मुख्य अतिथि समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी ने सभी स्कूल के शिक्षकगण एवं स्टाफ को मिष्टान्न एवं पुरस्कार देकर दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष देवी सिंह ने की तथा कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक प्रवीन कुमार ने किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी, नीरज कुमार शर्मा, सत्येंद्र सिंह, सत्यपाल सिंह, रमन शर्मा, शिवगणेश शर्मा, रंजीत सिंह, अश्विनी शर्मा, सीमा अग्रवाल, रिनी अग्रवाल, आभा रानी, आरती सिंह, दुर्गेश, नंदिनी, काजल, रंजीत कौर, गीता, श्याम सिंह, संजीव आदि उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290

R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दीपावली की पूर्व संध्या पर लाइटों और दीपों से जगमगाया क्षेत्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** दीपों का पर्व दीपावली नजदीक आते ही नगर व क्षेत्र पूरी तरह रोशनी से नहा उठा। दीपावली की पूर्व संध्या पर नगर की गलियां, बाजार और घर रंग-बिरंगी लाइटों और दीपों से जगमगाते नजर आए। नागरिकों ने अपने-अपने घरों, दुकानों और प्रतिष्ठानों को आकर्षक लाइटों, झालरों, रंगोली और फूलों से सजाकर उत्सव का माहौल बना दिया। शाम ढलते ही पूरे नगर में मानो रोशनी की बरसात सी हो गई।

मोहल्लों में बच्चों ने मिट्टी के दीपक जलाए, वहीं महिलाओं ने घर के आंगन में सुंदर रंगोली बनाकर देवी लक्ष्मी के स्वागत की तैयारी की। मिठाई की दुकानों पर भी सुबह से ही ग्राहकों की भीड़ लगी रही। लोग एक-दूसरे को मिठाइयाँ और उपहार देकर शुभकामनाएँ देते नजर आए। वहीं, नगर के सनातन धर्म हिन्दू इण्टर कालेज के मैदान में लगे पटाखा बाजार में भी भारी भीड़ देखने को मिली। छोटे-बड़े सभी लोग पटाखे, अनार, फुलझड़ी, रॉकेट और विभिन्न आतिशबाजी सामग्री खरीदने पहुंचे।

पुलिस और प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। आज शाम क्षेत्र में धूमधाम से दीपावली का पर्व मनाया जाएगा। लोग माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा कर सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करेंगे।

# खादी महोत्सव 2025 के तहत पांच दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** पूरे देश में चल रहे खादी महोत्सव 2025 के अंतर्गत जनपद मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा नगर में एक विशाल पांच दिवसीय खादी प्रदर्शनी एवं मेले का आयोजन किया गया।

यह प्रदर्शनी के अंतिम दिन रविवार को प्रदर्शनी मेले का शुभारंभ सत्यवीर सिंह चौहान जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, मुरादाबाद एवं अरून कुमार प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, ठाकुरद्वारा शाखा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। उन्होंने खादी को राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताते हुए इसके उत्पादों के उपयोग एवं स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया। इस पांच दिवसीय प्रदर्शनी में विभिन्न खादी संस्थाओं द्वारा तैयार किए गए खादी वस्त्र, हथकरघा उत्पाद, सौंदर्य प्रसाधन तथा अन्य स्वदेशी सामग्रियों की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित व बिक्री के लिए रखी गई, जिसने आगंतुकों का खूब ध्यान आकर्षित किया। इस कार्यक्रम में खादी संस्थाओं के सचिव राहुल चौहान, गौरव विश्नोई, विनीत चौहान, सचिन कुमार, गौरव चौहान, अरुण चौहान, मयंक कुमार, हर्ष विश्नोई सहित अनेक खादी कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पुलिस ने पैदल गश्त व आतिशबाजी दुकानों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दीपावली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से मनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में रविवार को क्षेत्राधिकारी हाईवे मुरादाबाद के नेतृत्व में थाना पाकबड़ा क्षेत्र में पुलिस बल के साथ व्यापक पैदल गश्त की गई। इस दौरान अधिकारीगणों ने बाजारों, मुख्य मार्गों, संवेदनशील स्थलों एवं आतिशबाजी की दुकानों का निरीक्षण किया तथा लोगों से शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील की।क्षेत्राधिकारी ने दीपावली पर्व पर भीड़भाड़ वाले इलाकों में पुलिस की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि जनमानस में सुरक्षा की भावना बनी रहे और असामाजिक तत्व किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को अंजाम न दे सकें। गश्त के दौरान पुलिस कर्मियों ने बाजारों में मौजूद दुकानदारों, ग्राहकों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित किया और उन्हें कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने का आग्रह किया।पैदल गश्त के दौरान आतिशबाजी की दुकानों का विशेष निरीक्षण भी किया गया। अधिकारियों ने दुकानदारों को अग्नि सुरक्षा से जुड़े सभी मानकों का पालन करने, अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा सुरक्षा नियमों का सख्ती से अनुपालन करने के निर्देश दिए। जिन दुकानों पर अग्निशमन यंत्र, बालू की बाल्टियाँ या पानी के ड्रम पर्याप्त मात्रा में नहीं पाए गए, उन्हें तुरंत व्यवस्था दुरुस्त करने की चेतावनी दी गई।

क्षेत्राधिकारी हाईवे ने बताया कि दीपावली पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस की गश्त टीम लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहेगी ताकि हर नागरिक को सुरक्षा का एहसास हो। साथ ही, यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

इस अवसर पर थाना पाकबड़ा पुलिस के अधिकारी एवं सिपाहीगण भी मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों ने जनता से अपील की कि वे आतिशबाजी के दौरान सावधानी बरतें, बच्चों को बिना निगरानी के पटाखे न चलाने दें और सुरक्षित तरीके से पर्व का आनंद लें।





# नगरपालिकाध्यक्ष खुशयों के दिए लेकर पहुंचे गरीबों के द्वार, हर चेहरे पर खिली मुस्कान

**ठाकुरद्वारा।** नगरपालिका अध्यक्ष ने दीपों के पावन पर्व दीपावली पर जरूरतमंदों के घर पहुंचकर दिए और मिष्ठान देकर इंसानियत की मिसाल पेश की है। दीपावली के शुभ अवसर पर पालिकाध्यक्ष इरफान ने पालिका कर्मचारियों के साथ नगर में घर घर जाकर दीपावली मनाई। पालिकाध्यक्ष द्वारा किए के इस मानवीय और सराहनीय कार्य की नगर चर्चा हो रही है। पालिकाध्यक्ष ने न केवल जरूरतमंद परिवारों के घरों में जाकर दीपक जलाए, बल्कि उन्हें मिठाई, दीपक और जरूरी सामान भी वितरित किया। पालिका की इस पहल से नगरवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि पालिका साफ सफाई और विकास कार्य कराने के साथ, समाज के हर वर्ग के सुख-दुख में साथ खड़ी रहने के लिए भी है, स्थानीय लोगों ने इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि नगरपालिका द्वारा की गई इस पहल ने इस दीपावली को सच में "रोशनी का त्योहार" बना दिया, जहां हर चेहरे पर मुस्कान और हर आंगन में उम्मीद का दीप जल उठा। पालिकाध्यक्ष के साथ मोहम्मद वाजिद, आबिद चौधरी, जकी सैफी , हाफिज वसीम, मुस्तकीम सभासद आदि शामिल रहे।



**ठाकुरद्वारा। दीपावली के पावन पर्व पर जरूरतमंद परिवार को दिये और मिठाई देते पालिकाध्यक्ष इरफान सैफी।**

# पुलिस का एक्शन: शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में 19 लोग हिरासत में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने और अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जनपदीय पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 19 व्यक्तियों को शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई अपराध नियंत्रण, कानून एवं शांति व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से की गई। इन सभी व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं क्षेत्र में परिशांति कायम रखने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा 170/126/135 के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए हिरासत में लिया गया।हिरासत में लिए गए व्यक्तियों में थाना कटघर क्षेत्र से 03, थाना मझोला से 07, थाना कांठ से 07 और थाना छजलैट क्षेत्र से 02 व्यक्ति शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि इन सभी पर क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग करने की आशंका थी, इसलिए उन्हें समय रहते हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपदीय पुलिस लगातार सघन चेकिंग, गश्त और निगरानी अभियान चला रही है ताकि दीपावली पर्व एवं आगामी त्योहारों के दौरान जिले में कानून व्यवस्था दुरुस्त बनी रहे। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शांति व्यवस्था भंग करने या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयास करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।पुलिस ने जनता से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत स्थानीय थाने या पुलिस हेल्पलाइन पर दें ताकि जिले में अमन-चौन और सुरक्षा की भावना बनी रहे।

# महिला सुरक्षा टीम दीपावली के पावन पर्व कोतवाली परिसर में बनाई रंगोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** महिला सुरक्षा टीम ठाकुरद्वारा द्वारा दीपावाली के पावन पर्व पर थाना प्रांगण में मिशन शक्ति से संबंधित रंगोली बनाई गई। इस दौरान रंगोली की अन्य पुलिस कर्मियों ने सराहना की। रविवार को महिला सुरक्षा टीम ने दीपावली के पावन पर्व पर कोतवाली परिसर में महिला चौकी के सामने परिसर में मिशन शक्ति 5.0 , नारी सम्मान नारी स्वावलंब की रंगोली बनाई।

इसकी कोतवाली तैनात पुलिस कर्मियों सहित कोतवाली परिसर में फरियाद लेकर आने वाले फरियादियों ने महिला सुरक्षा टीम द्वारा बनाई गई रंगोली की सराहना की। टीम में उपनिरीक्षक ललित महिला हेड कॉन्स्टेबल पूनम , कॉन्स्टेबल गौरव कुमार, महिला कांस्टेबल पूनम आदि शामिल रही।




# भोजपुर में मारपीट और धमकी का मामला

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में मारपीट और धमकी का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में बताया कि उसके भाई संजीव और उनकी पत्नी ममता आये दिन घर पर उसकी बड़ी माता के साथ गलत व्यवहार करते हैं। इस वजह से उसकी माता उसके गांव में आकर उसके घर पर रहने लगीं। पीड़ित महिला ने बताया कि शुक्रवार को उसका भाई संजीव और पत्नी ममता लाठी-डंडे लेकर उसके घर में घुस गए और उसकी बहन पिक्की और बहनोई योगेश को गालियां देने लगे। उन्होंने लाठी-डंडों से पीटा और मोबाइल भी तोड़ दिया। जब उन्होंने चीखपुकार मचाई तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि आरोपी संजीव और ममता आए दिन उनके साथ मारपीट और गाली-गलौज करते हैं। उन्होंने पुलिस से सुरक्षा की मांग की है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और उन्हें सुरक्षा प्रदान की जाए। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत उदमावाला
## विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 दिनांक: 18.10.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत उदमावाला विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 03.11.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 03.11.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नूरहसन के घर से साकिर के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | ईंट, सीमेंट, रोड़ा, सीसी टाईल्स आदि। | 65 मी0 | 264011/- | 500 | 2% | 6 माह |
| 2 | मैन रोड से अशरफ के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | " | 72 मी0 | 141731/- | 500 | 2% | 6 माह |
| 3 | अशरफ के घर से स्कूल तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | " | 70 मी0 | 303247/- | 500 | 2% | 6 माह |

**प्रतिबंध/शर्तें:**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत उदमावाला**
**विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**


# क्षेत्र की प्रतिभा डिंपी सैनी का हुआ सम्मान, क्षेत्र का नाम किया रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के किसान, पूर्व प्रधान एवं समाजसेवी देशपाल सैनी, राहुल सैनी व पुनीत सैनी निवासी रसीद गढ़ के प्रतिष्ठान चौधरी ताराचंद फार्म हाउस किसान कॉलेज के पास शनिवार के सायंकाल कांस्य पदक विजेता डिंपी सैनी का क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भव्य स्वागत कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में डिंपी सैनी के पहुंचने पर देशपाल सैनी राहुल सैनी ने उन्हें पगड़ी, पटका ओढ़ाकर एवं प्रभु राम की मूर्ति भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधान देशपाल सैनी ने कहा कि आज क्षेत्र की बेटियां मेहनत और लगन के बल पर समाज व प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं। डिंपी सैनी ने पहले स्वर्ण पदक और अब कांस्य पदक जीतकर गांव व क्षेत्र का गौरव बढ़ाया । डिंपी सैनी ने बताया कि उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ खेल को भी समान महत्व दिया। उन्होंने कहा कि उनके पिता ने हमेशा उनका हौसला बढ़ाया और कड़ी मेहनत के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया। उनका सपना है कि वे आगे बढ़कर देश का नाम विश्व स्तर पर रोशन करें। विदित हो थाना भवन क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी की डिंपी सैनी ने उत्तर प्रदेश स्टेट वार्षिक नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप अंडर 16 शॉट शॉट पुट में शानदार पसंद करते कैसे पदक जीता 2 साल पहले से प्रतियोगिता में डिंपी चलेंगे रजत वह सावन पदक जीतकर गांव में अपने प्रदेश का मान बढ़ाया 2025 दिल्ली ओपन एथलेटिक्स चैंपियन में अधिकतरों में स्वर्ण पदक जीता था इस महीने पहले सितंबर 2024 में उत्तर प्रदेश ओपन चौंपियनशिप में दमदार प्रदर्शन करते दूसरों में स्वर्ण पदक अपने नाम किया था 2025 में उत्तर प्रदेश का नेतृत्व करते उड़ीसा राज्य के भुवनेश्वर आयोजित 40 मिनट जूनियर एथलेटिक्स चौंपियन में शानदार प्रदर्शन करते डिक्शरों में कश्यप पदक जीतकर अपने गांव क्षेत्र में प्रदेश का गौरव बढ़ाया सम्मान समारोह में धर्मपाल सैनी राकेश सैनी हिम्मत सनी नाथूराम सैनी सुमित सैनी प्रमोद सैनी डायरेक्टर देवेंद्र सैनी चौधरी धर्मेंद्र ठेकेदार पूर्ण सिंह जय सिंह चेयरमैन रविंद्र मास्टर सहित अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद्, समाजसेवी व ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# हर्षोल्लास से मनाई गई छोटी दीपावली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को जनपदभर में छोटी दीपावली पर्व उल्लास और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शाम होते ही घरों में दीप प्रज्वलित किए गए, रंग-बिरंगी लाइटों से सजे घरों और बाजारों ने पूरे शहर को रोशन कर दिया। लोगों ने आंगन में रंगोली बनाकर, दीप सजाकर तथा लक्ष्मी-गणेश की पूजा-अर्चना कर त्योहार का आनंद लिया। पूजा के उपरांत बच्चों और युवाओं ने आसमान को आतिशबाजी की चमक से जगमगा दिया।

दीवाली के त्योहार को लेकर लोगों का काफी उत्साह दिखाई दे रहा है। युवा हो या फिर छोटे बच्चे सभी दीपावली के पर्व में मशगूल है। ऐसे में आमतौर पर दिवाली से एक दिन पहले छोटी दिवाली मनाई जाती है। छोटी दीवाली को यम दीवाली या नरक चतुर्दशी कहते हैं। इस दिन यम देवता के निमित्त घर के बाहर दक्षिण दिशा में एक दीप जलाया जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से घर में सुख-समृद्धि आती है। छोटी दीवाली पर भी घर में दिए जलाए जाते हैं। रविवार को जिलभर के छोटी दीवाली मनाई गई, जिससे बाजार छोटी दीवाली पर गुलजार रहे। शहर के मुख्य बाजारों में लोगों ने जमकर खरीदारी की।



जिसको लेकर बाजारों में भीड रही। खरीदारों के बाद लोगों ने अपने घरों को आकर्षक डिजाईनों व रंगबिरंगी लाईटों से सजाया। साज सज्जा द्वीप व झालरों से भी की गई। युवतियों ने अपने घरों के आंगन में रंगोली बनाई, जो शाम के समय दीयों से जगमगाती रही। शाम को घरों में लक्ष्मी गणेश की पूजा अर्चना की गई बाद में छोटे बच्चों व युवाओं ने जमकर आतिशबाजी की। मिठाईयों व पटाखों की दुकानों पर भी भारी भीड़ रही। छोटी दीपावली के मौके पर बाजार व शहर रंगबिरंगी लाइट्स से जगमग रहा। इसके अलावा पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों ने अपने अपने आवास पर दीपावली पर्व मनाया। सरकारी आवास रंगबिरंगी लाईटों से जगमग दिखाई दिए। अधिकारियों ने जिलेभर के लोगों को दीपावली की शुभकामनाऐं दी।

### तीन दिवसीय पटाखा बाजार में खरीदारों की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** दीपावली त्योहार के मद्देनजर तीन दिवसीय पटाखा बाजार रविवार सुबह से शुरू हो गया है। छोटी दीपावली नरक चतुर्दशी पर पटाखों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ रही। बच्चे परिजनों के साथ पटाखे खरीदने पहुंचे तो युवाओं ने भी देर शाम जमकर आतिशबाजी की।

रविवार को शहर के भैसवाल रोड स्थित वीवी पीजी कालेज में जिला प्रशासन ने दीपावली के त्योहार के मद्देनजर पटाखा बाजार लगाने की अनुमति दी हैं। बाजार में पटाखों की दुकानें लगाने के लिए 19 से 21 अक्टूबर को स्वीकृति दी गई है। पटाखा बाजार में रविवार सुबह से ही व्यापारियों की दुकानें लगकर तैयार हो गई थी। दोपहर होते-होते ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों का पटाखा खरीदने के लिए आना शुरू हो गया था। शाम के समय शहर के ग्राहकों का पटाखा खरीदने के लिए आना शुरू हो गया था। हर पटाखा दुकान पर खरीदारां की भीड रही। ज्यादा भीड देर शाम हुई। पटाखों के थोक विक्रेताओं ने बताया कि छोटी दीपावली पर पटाखों की जमकर खरीदारी की गई है। उन्होंने बताया कि इस साल ग्रीन पटाखे बाजार में ज्यादा है। वही जिला प्रशासन ने पटाखा छुड़ाने के लिए रात 8 बजे से लेकर 10 बजे तक अनुमति दी गई है। वही एक अनुमान के अनुसार जिलेभर में करीब दो करोड रूपये के आसपास पटाखों की खरीद हुई है।

# आतिशबाजी की भी जमकर की खरीदारी

## अनार बम व फुलझड़ी रही पहली पसंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दीपावली की पूर्व संध्या पर आतिशबाजी की भी जमकर खरीदारी की गई। बच्चों ने अपनी पसंद के अनार बम तथा फुलझड़ी खरीदी। जबकि बड़ों ने राकेट आदि की खरीदारी की।

दिवाली पर आतिशबाजी भी जमकर की जाती है। रात होते ही आसमान रंग बिरंगी रोशन से जगमग हो जाता है। मिनी स्टेडियम में आतिशबाजी की दुकानें लगी है। जिन पर सुबह से ही खरीदारों की भारी भीड़ रही। बच्चे अपने परिजनों को लेकर यहां पहुचे तथा अपनी पंसद की खरीदारी की। उनकी पहली पंसद फुलझड़ी रहीं जबकि कुछ ने अनार बम खरीदें। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर परिजनों ने ऐसे आइटम दिलाये जिससे बच्चों को नुकसान न हो। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से ही बड़ी संख्या में लोग आतिशबाजी की खरीदारी करने पहुंचे। उधर सांय होते ही छोटी दिवाली पर जमकर आतिशबाजी की गई। जिससे आसमान पर अजब ही छटा दिखाई दे रही थी। लोगों ने इसका भरपूर आनंद लिया। घरों के बाहर दीपक जलाकर माता लक्ष्मी को आमंत्रित किया गया।

पूर्व संध्या पर दुल्हन की तरह सजा अमरोहा, बाजार में रही भीड़

# दिवाली पर आज हर घर जलेगा खुशी का दीप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** दिवाली को लेकर लोगों में अपार उत्साह है। इस दिन भगवान कुवेर, माता लक्ष्मी व भगवान गणेश की विधिवत पूजा कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की जायेगी। लोग एक दूसरे के घर दीप जलाकर खुशी मनायेंगे। पर्व संध्या पर लोगों ने पूजा का सामान व घरों को सजाने के लिये झालर की जमकर खरीदारी की।

सोमवार को दीपावाली का पर्व धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसे लेकर लोगों में खास उत्साह है। इस दिन वह एक दूसरे के घर जाकर दीप जलाकर दीपावली की मुबारकबाद देंगे। हर तरफ इस त्योहार को लेकर रोनक दिखाई दे रही है। छोटी दिवाली से ही घरों को सजाने का काम पूरा हो गया। सांय के समय नजारा देखते ही बन रहा था। अधिकांश घरों के बाहर रंगबिरंगी झालरें मकानों की शोभा बढ़ा रही थी। जिनकी छटा देखते ही बन रही थी। हर कोई दिवाली का उत्साह पूरे उत्साह से मनाने के लिये उताबला दिखाई दे रहा है। नगर के प्रसिद्ध वासुदेव तीर्थ समेत अधिकांश धार्मिक स्थलों को मनमोहक रूप से सजाया गया है। रात होने पर यहां रंग बिरंगी रोशन का जशन खूब मनाया गया। इस दिन लोग एक दूसरे के घर मिठाई बांटकर दिवाली की मुबारक. बाद देते है। नगर में सारा दिन यहीं हाल रहा। रिश्तेदार व पड़ौसियों ने दिवाली की पूर्व संध्या पर सभी गिले सिकवे दूर कर एक दूसरे को बधाई दी। आज हर घर खुशी के दीप जलाये जायेंगे। दिवाली से कई दिन पहले ही कुम्हार दीये को बनाने का काम शुरू कर देते है। क्योकि इस पर्व पर अधिकांश घरों में मिट्टी के दीपक जलाये जाते है। इस कारण कुम्हार भी अपने काम में कई दिन पहले से जुट जाते है। उधर दिवाली की पर्व संध्या पर बाजार में सुबह से ही चहल पहल दिखाई दे रही थी। हर कोई घरों को मनमोहक रूप से सजाने के लिये झालरों व अन्य सामान की खरीदारी करने में जुटा रहा। लोगों ने अपने स्तर से इस दिन को यादगार बनाने के लिये सभी अपने घरों को मनमोहक रूप से सजाया। दिवाली पर भगवान गणेश, माता लक्ष्मी, व कुबेर की पूजा आराधना करने का चलन है। बाजार में इनकी मूर्तियों की भरमार है। लोगों द्वारा आज पूजा स्थल को मनोहारी रूप से सजाकर उस पर दीप प्रजवलन कर प्रभु व माता से परिवार की सुख सृद्धि की कामना की जाती है। मान्यता है कि माता लक्ष्मी स्वयं आज के दिन अपने भक्तों को दर्शन देने आती है। यहीं कारण है कि घरों को सजाने के लिये कोई कसर नहीं छोड़ी जाती। इसके अलावा घर में आरती भी की जाती है। जिसमें परिवार की सभी लोग हिस्सा लेते है।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

## आरोपी व मां के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** शादी का झांसा देकर उन्नाव की युवती के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। रात भर घर में रोकने के बाद आरोपी ने बाद में शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी व उसकी मां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उन्नाव जिले की रोजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती का आरोप है कि 18 अक्तूबर की दोपहर दो बजे आनंद विहार स्टेशन पर उसकी मुलाकात डिडौली निवासी सुनीता व उसके बेटे कन्हैया से हुई थी। बातचीत के दौरान सुनीता ने युवती को अपने बेटे कन्हैया से शादी कराने का झांसा दिया और फिर दोनों बहला-फुसलाकर युवती को अपने साथ घर ले आए। आरोप है कि रात में घर रोकने के बाद कन्हैया ने युवती के साथ दुष्कर्म किया तथा बाद में शादी करने से इनकार कर दिया। पीड़िता ने डिडौली कोतवाली में तहरीर दी थी। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन सिंह ने मामले में सुनीता व उसके बेटे कन्हैया के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज करने की बात कही।

# दीपावली पर लाइसेंस के नाम पर लूट

## तहसील में भ्रष्टाचार की छुपी आतिशबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** दीपावली के अवसर पर आतिशबाजी की अस्थायी दुकानों के लिए लाइसेंस जारी किए जा रहे हैं, लेकिन इस प्रक्रिया में भ्रष्टाचार के आरोपों ने त्योहार की रोशनी पर काला साया डाल दिया है। स्थानीय आवेदकों ने आरोप लगाया है कि तहसील कार्यालय में आवेदन जमा करते समय उनसे ₹500 से ₹1000 तक की अवैध वसूली की जा रही है। सबसे गंभीर बात यह है कि इस वसूली के बदले कोई रसीद प्रदान नहीं की जा रही, जिससे स्पष्ट होता है कि यह धन सीधे निजी जेबों में जा रहा है।

आवेदकों का कहना है कि सरकार एक ओर भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था और 'जीरो टॉलरेंस' का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर त्योहारों पर भी आम लोगों को राहत नहीं, बल्कि लूट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने व्यथा व्यक्त की कि दीपावली जैसे पर्व पर जब लोग रोजगार के लिए छोटे-छोटे स्टॉल लगाना चाहते हैं, उसी समय उन पर आर्थिक बोझ थोपना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। इस आरोप की पुष्टि के लिए जब तहसील प्रशासन का पक्ष जानने हेतु तहसीलदार मूसाराम थारू से संपर्क साधा गया, तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। प्रशासन की यह चुप्पी सवाल खड़े करती है कि क्या वास्तव में नियमों की आड़ में उगाही हो रही है? यदि यह शुल्क वैध है, तो उसके लिए रसीद क्यों नहीं दी जा रही? स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने इस मामले की जांच की मांग की है, ताकि दीपावली का त्योहार न्याय और विश्वास की रोशनी में मनाया जा सके, न कि भ्रष्टाचार के अंधकार में खो जाए। यह घटना एक गंभीर प्रश्न छोड़ती हैख़्क्या दीप जलाने का पर्व व्यवस्था की अंदरूनी रोशनी भी जगाएगा, या अंधेरा यूं ही कायम रहेगा



मंडी धनौरा। दीपावली पर आतिशबाजी की दुकानों से खरीदारी करते लोग।

# चार मजदूरों की मौत से दीवाली पर छाया मातम

## घर लौटते हादसे का हुए शिकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** दीपावली पर घर लौट रहे मजदूरों से भरी ट्रैक्टर टिपलर की जोरदार भिड़ंत पिकअप से हो गई। चार लोगों की मौके पर मौत हो गई। आधा दर्जन लोग घायल हो गये। शवों के घर पहुंचने पर मातम पसर गया।





कोतवाली क्षेत्र के गांव उधनपुर निवासी अखिलेश पुत्र अंतराम उत्तराखंड के खटीमा में बिजली की ठेकेदारी करते थे। शनिवार को अखिलेश मजदूरों के साथ ट्रैक्टर टिपलर में बैठकर दीपावली का त्यौहार मनाने के लिए घर को लौट रहे थे। रास्ते में सामने से मुर्गो से भरकर आ रही पिकअप से जोरदार भिड़ंत हो गई। ट्रैक्टर टिपलर पलट गया जिससे शीशपाल पुत्र महावीर आयु (35) वर्ष अखिलेश पुत्र अंतराम आयु (26) वर्ष के अलावा जनपद संभल के दो अन्य मजदूरों की भी मौके पर मौत हो गई। अखिलेश खटीमा में बिजली की ठेकेदारी करते थे। अभी उनकी शादी नहीं हुई थी। शीशपाल की 9 माह पहले शादी हुई थी। जैसे ही दोनों युवको की मौत की खबर गांव पहुंची तो वहां कोहराम मच गया। दोनों की मौतों के होने से गांव में मातम छा गया। जैसे ही शीशपाल व अखिलेश के शव गांव पहुंचे तो वहां चीख पुकार मच गई। शीशपाल की पत्नी लक्ष्मी के हाथों की मेहंदी भी अभी ठीक से फीकी नहीं पड़ी थी कि कुदरत ने उसे इतना बड़ा गम दे दिया। पति की मौत होने से लक्ष्मी गश खाकर पीछे को गिरकर बेहोश हो गई।गमगीन माहौल में दोनों के शवो का अंतिम संस्कार गंगा के तिगरी घाट पर कर दिया गया।विनय कुमार ने मामले में अदालत की शरण ली। मुकदमे की सुनवाई प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में चल रही थी। पत्रावली के अवलो. कन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने मनोज कुमार रस्तोगी को छह महीने कारावास की सजा सुनाई तथा दस लाख रुपये का जुर्माना लगाया। कारोबारी विनय कुमार को 9.90 लाख रुपये देने तथा दस हजार रुपये की राज्य निधि में जमा कराने का आदेश दिया।

# दीपावली पर बाजारों में उमड़े लोग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गजरौला।** दीपावाली के अवसर पर बाजार में ग्राहकों की भारी भीड़ रही। खेल-खिलौने, गणेश-लक्ष्मी की मूर्ति, पूजन सामग्री, मिठाई, झालर, सजावट का सामान खूब बिका। मिठाई की दुकान पर देर शाम तक ग्राहकों की लाइन लगी रही। रविवार सुबह से ही बाजार में भीड़ नजर आने लगी। गजरौला ब्लॉक के साथ गांव के बाजार में भी भीड़ नजर आई। दोपहर तक बाजार में रौनक हो गई। मिट्टी के दीये, झालरें, मोमबत्ती, फूल माला, किराना, मिठाई आदि दुकानों पर जबरदस्त भीड़ रही। दीये, मोमबत्ती पैकेट खूब बिके। इलेक्ट्रानिक्स बाजार में खासी भीड़ दिखी। 50 रुपये से लेकर पांच सौ रुपये तक की झालरों की बिक्री हुई। वहीं ब्रांडेड और स्टाइलिश सामानों की भी धूम रही। रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय के मैदान में लगी आतिशबाजी की दुकानों पर भारी भीड़ लगी रही। रविवार की शाम के वक्त घरों में छोटी दीपावली की पूजा अर्चना की गई। रात के समय रंगीन झालरों व बल्वों से घरों की सजावट देखने लायक हो रही थी।। वहीं दीपावली पर्व पर लोग त्यौहार मनाने अपने घर गए, इस कारण बसों और ट्रेनों में भारी भीड़ रही

## मेले में बिजली की लाइन खिंची

**गजरौला।** तिगरी गंगा मेले में रविवार को बिजली ठेकेदार ने पोल गड़वाकर केबिल खिंचवाने का काम शुरू कराया तो वहीं चाहरदीवारी के लिए टीन फिनसिंग का काम भी जल्द शुरू हो जाएगा। उसके लिए श्रमिकों ने बल्लियां आदि लगानी शुरू कर दी हैं। तिगरी गंगा मेले में इस समय तैयारियों समय से पूरा कराने के लिए प्रशासन का खासा जोर है। गंगा रोड के साथ साथ सेक्टरों की सड़कों पर भी श्रमिक काम कर रहे हैं। मनोरंजन क्षेत्र में झूले तैयार हो रहे हैं। रविवार को मेला क्षेत्र में बिजली ठेकेदार ने श्रमिकों ने पोल गड़वाकर केबिल व तार खिंचवाए। डीएम निधि गुप्ता वत्स एवं एसडीएम विभा श्रीवास्तव द्वारा लगातार मेले की मॉनीटरिंग की जा रही है। मेले में चारों कोनों तक किसी प्रकार का अंधेरा न रहे, इसलिए बिजली ठेकेदार को निर्देशित किया गया कि मुखय बाजारों के साथ साथ श्रद्धालुओं के शिविरों (तंबुओ) तक बिजली की व्यवस्था रहे।

# चैक बाउंस मामले में छह महीने की सजा

## दस लाख का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** चेक बाउंस के मामले में अदालत ने छह महीने कारावास की सजा सुनाई। दोषी पर दस लाख रुपये का जुर्माना लगाया। दोषी ने नौ लाख रुपये के उधार लेकर बदले में चेक दिया था जो खाते में धनराशि नहीं होने के कारण बाउंस हो गया था।

मामला शहर के मोहल्ला गशितयान से जुड़ा है। यहां कारोबारी विनय कुमार बाहेती का परिवार रहता है। मोहल्ला मंडी चौक के रहने वाले मनोज रस्तोगी से उनके पारिवारिक संबंध थे। जरूरत बताकर मनोज रस्तोगी ने विनय कुमार से नौ लाख रुपये उधार लिए थे। बदले में इतनी ही धनराशि का चेक दे दिया था। रकम साल 2017 से 2019 के बीच दी गई थी। इसके बाद विनय कुमार ने जब अपने रुपयों का तकादा किया किया तो मनोज रस्तोगी आनाकानी शुरू कर दी। बाद में कोरोना के चलते लॉक डाउन का बहाना बनाकर टाल दिया। 26 दिसंबर 2022 को विनय कुमार जब मनोज रस्तोगी की दुकान पर गए तो उन्होंने एक चेक दे दिया। लिहाजा, मनोज कुमार रस्तोगी की सहमति से विनय कुमार ने नौ लाख रुपये की धनराशि अपने नाम से भर ली। बाद में चेक को बैंक ऑफ बड़ोदा के खाते में लगा दिया लेकिन खाते में इतनी धनराशि नहीं होने के कारण चेक बाउंस हो गया। पीड़ित विनय कुमार ने मामले में अदालत की शरण ली। मुकदमे की सुनवाई प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में चल रही थी। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने मनोज कुमार रस्तोगी को छह महीने कारावास की सजा सुनाई तथा दस लाख रुपये का जुर्माना लगाया। कारोबारी विनय कुमार को 9.90 लाख रुपये देने तथा दस हजार रुपये की राज्य निधि में जमा कराने का आदेश दिया।

## एक नजर

### तंवर ने दिया योगी को तिगरी आने का न्यौता



**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** सांसद कंवर सिंह तंवर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंटकर विकास कार्यो के लिए धन मुहैया कराने तथा गंगाधाम तिगरी में लगने वाले ऐतिहासिक मेले में आने का निमंत्रण दिया। लखनऊ में सांसद कंवर सिंह तंवर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उन्होंने सीएम को जिले में कराये जा रहे विकास कार्यो के बारे में विस्तार से बताया तथा धन अभाव में जो योजनाएं लम्बित हैं उनके लिए धन आवंटित करने का अनुरोध किया। जबकि तिगरी में लगने वाले विशाल गंगा मेले में आने का भी निमंत्रण दिया। सीएम ने सांसद कंवर सिंह तंवर को भरोसा दिलाया कि धन के अभाव में विकास कार्य नहीं रूकेंगे।

### हादसे में मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** देर शाम रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव पपसरा में 18 अक्टूबर को पुताई के काम के दौरान गंभीर हादसा हुआ। मोहम्मद अली उर्फ भोला का भाई माहिर (21) ऊपर से गिर गया, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। घायल को तुरंत अमरोहा अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां से मुरादाबाद रेफर किया गया। रास्ते में ही माहिर की मौत हो गई। घटना से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक के परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। मृतक तीन भाईयो में तीसरे नंबर का था ।

# बुखार की चपेट में आकर छात्रा की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** बुखार की चपेट में आकर कक्षा 11 की छात्रा की मौत हो गई। छात्रा की मौत से परिवार में को. हराम मचा है।



तहसील क्षेत्र के गांव दौलतपुर कलां निवासी जितेंद्र प्रजापति की 17 वर्षीय बेटी अंशु प्रजापति कई दिन से बुखार से पीड़ित थी। परिजनों के द्वारा लगातार उसका उपचार चल रहा था। अचानक शनिवार को अंशु की तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने द्वारा तत्काल उसे नगर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख मेरठ रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर मेरठ जा रहे थे।जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई। अंशु की मौत से परिवार के लोगों में कोहराम मच गया। देर रात गमगीन माहौल में छात्रा के शव का गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिजनों के मुताबिक मृतक अंशु दो भाइयों मनोज व दीपक में सबसे बड़ी थी। वह आदर्श इंटर कॉलेज कुटी दौलतपुर पर कक्षा 11 की छात्रा थी। छात्रा की मौत से मां गीता भाई दीपक और मनोज समेत परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## बैंकेट हाल से बाइक चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता बछरायूं।** थाना क्षेत्र में खुशी के माहौल के बीच एक घटना ने कार्यक्रम में शामिल लोगों को चौंका दिया। तहसील के निकट स्थित एक बैंक्वेट हॉल के बाहर खड़ी बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। मंडी धनौरा के मोहल्ला कटरा निवासी दिलशाद सलमानी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे शनिवार रात एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। बाइक को हॉल के बाहर खड़ा किया था, लेकिन जब रात में लौटे तो बाइक वहां से गायब थी। पीड़ित ने बताया कि मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे बंद मिले। बैंक्वेट हॉल प्रबंधन ने सफाई दी कि बिजली फिटिंग के कारण कैमरे चालू नहीं थे। काफी देर तक आसपास तलाशने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला, जिसके बाद उन्होंने थाने का रुख किया।

# अम्बेडकर मार्ग बंद करने पर फूटा लोगों का गुस्सा

## चेयरमैन के खिलाफ जताई नाराजगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** अम्बेडकर पार्क वाले मार्ग को उखाड़कर बंद करने के विरोध में लोगों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने कहा कि त्यौहार के समय इस मार्ग को बंद करने से उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होने चेयरमैन के खिलाफ भी नाराजगी व्यक्त की।

आजाद रोड स्थित अम्बेडकर पार्क के समीप स्थित रोड को नगर पालिका द्वारा उखाड़ दिया गया है। इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बंद है। जिससे यहां रहने वाले लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। आज इसके विरोध में उनका गुस्सा फूट पड़ा तथा उन्होंने नगर पालिका के खिलाफ हंगामा किया। उनका कहना था कि इस समय त्योहार का समय चल रहा है। इस समय परिचित व रिश्तेदार एक दूसरे के घर बधाई देने आते है। लेकिन रास्ता बंद होने से भारी परेशानी हो रही है। भैयादूज पर बहन, बेटियां मायके आकर त्योहार मनाती हैं। उन्होंने नगर पालिका के खिलाफ आक्रोश जताते कहा कि जल्द से जल्द इस मार्ग को सुचारू कराया जाये ताकि लोगों को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। यदि ऐसा न हुआ तो वह इसके खिलाफ उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। उनका यह भी कहना था कि वह कई बार चेयरमैन से इसकी शिकायत भी कर चुके हैं परन्तु उनकी समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।

### फौजी के घर दबंगों ने की फायरिंग

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा।** फौजी के घर में घुसकर दबंगों ने गालियां दीं। विरोध करने पर फायरिंग की। जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अमरोहा देहात थानाक्षेत्र के हाशमपुर गांव में अमरपाल सिंह फौजी का परिवार रहता है। उनके द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट के मुताबिक गांव को ही रहने वाला मनोज कुमार ने घर पर आकर गालियां दीं। इसके बाद 12 अक्तूबर की रात मनोज कुमार ने फिर घर आकर गलियां दी। विरोध करने पर फायरिंग की। जान से मारने की धमकी दी। पूरी घटना कमरे में कैद हो गई। घटना के बाद से फौजी मानसिक रूप से परेशान है। सीओ अवधभान भदोरिया ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है।

## कक्षा 11 की छात्राओं ने जीती प्रतियोगिता



**शाह टाइम्स संवाददाता उझारी।** रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा 11 की छात्राओं ने पहला स्थान हासिल किया। कौशल्या देवी बलवंत सिंह इंटर कालेज में दिवाली के मौके पर कक्षा 9 से 12 की छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें सभी ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाई। लेकिन कक्षा 11 की छात्राओं द्वारा बनाई गई रंगोली की सभी ने जमकर सराहना की। उन्हें प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य मोमराज सिंह ने सभी बच्चों को दिवाली की मुबारकबाद दी। इस मौके पर एसओ विकास कुमार, चौकी इंचार्ज अनिल त्यागी, राहुल कुमार व समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# मारपीट में महिलाओं समेत सात घायल

## मेढ़ को लेकर चले लाठी डंडे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** हसनपुर। मेंढ़ के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चलने से तीन महिलाओं समेत सात लोग घायल हो गये

रविवार को खेत पर मेंढ को लेकर दोनों पक्ष के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि कहा सुनी के बाद दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। जिसमें जमकर लाठी डंडे चले। इस दौरान एक पक्ष से उमेश, नेपाल, शीतल, रामकुवर, मुन्नी तथा दूसरे पक्ष से रमजीमल प्रकाशों घायल हो गये। दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। जहां चिकित्सकों ने उमेश एवं मुन्नी की हालत गंभीर देख हायर सेंटर रेफर कर दिया। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तरफ से तहरीर प्राप्त हुई है जांच पड़ताल की जा रही है।

## रंगोली उत्सव से दिवाली का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** दिल्ली आइडियल पब्लिक स्कूल में रंगोली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने रंगोली बनाकर देश की संस्कृति व पर्यावरण संरक्षण की सीख दी। गांव मालीखेड़ा उर्फ शाहवाजपुर स्कूल में कक्षा छह से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक रंगों, फूलों व दीयों से रंगोली बनाकर देश की संस्कृति व पर्यावरण संरक्षण की सीख दी। प्रधानाचार्य अजरा नकवी ने कहा कि दिवाली खुशहाली व उजाले का पर्व है। उन्होंने कहा कि त्योहार हमें भाइचारे की सीख देते है। हमें पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखकर इन्हें मनाना चाहिये। उन्होंने सर्वश्रेष्ठ रंगोली बनाने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# दिवाली पर बाजार हुए गुलजार, भारी भीड़ के कारण निकलना रहा मुश्किल



**कांठ (शाह टाइम्स)।** दिवाली की खरीदारी को लेकर बाजार गुलजार हो गए भीड़ का आलम यह रहा कि लोगों का बाजार से निकलना भी मुश्किल हो गया। बतादें कि पहले करवा चौथ फिर अहोई इसके बाद धनतेरस और अब चल रही दिवाली की खरीदारी को लेकर बाजार में भीड़ काफी बढ़ गई है।

दुकानदारों द्वारा सामान बाहर लगाने के कारण सड़कों पर निकलना दूभर हो गया है क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग बाजारों में पहुंचकर खरीदारी कर रहे हैं। जिसे लेकर लोगों का बाजार से निकलना मुश्किल हो गया है। आज भी बाजार में भीड़ के चलते लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा और बाजार के अंदर दो पहिया वाहन लेकर पहुंचे लोगों के कारण भी खरीदारों की परेशानी बढ़ गई कुल मिलाकर लोगों को भारी भीड़ के चलते मुसीबत का सामना भी करना पड़ा आतिशबाजी के शौकीन लोगों ने बड़ी संख्या में दशहरा स्थल पर जाकर पटाखे खरीदें सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस तैनात रही।

# दीपावली मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए भाजपा विधायक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** भाजपा विधायक ठाकुर रामवीर सिंह उपस्थित रहे। मुंडापांडे मंडल का कार्यक्रम महर्षि दयानंद लॉ कॉलेज भदासना और दलपतपुर मंडल का कार्यक्रम ब्लॉक सभागार मुंडापांडे में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों को मिष्ठान, चांदी का सिक्का, दीपक, उपहार और देशी घी देते हुए दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित की। ठाकुर रामवीर सिंह ने दीपावली पर्व की महत्वता पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुए इस पर्व को सौहार्द व भव्यता के साथ मनाने का आह्वान किया। उन्होंने आगे कहा कि दीपावली पर्व भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति का अनुपम धरोहर है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राजनीतिक नहीं, बल्कि आत्मीय संवाद और सामाजिक एकता स्थापित करना है, ताकि दीपावली जैसे पर्व पर सभी लोग एक साथ खुशियाँ बाँट सकें। सभी पार्टी कार्यकर्ता मेरे परिवारजन है, यह एक पारिवारिक आयोजन है जिसमें अपनापन, प्रेम और सौहार्द का संदेश निहित है। उन्होंने मां लक्ष्मी से से सभी पर असीम कृपा, अमन-चौन और सामाजिक समरसता बनी रहने की कामना की। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख डॉ नवदीप यादव, पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता एडवोकेट, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सैनी, मंडल अध्यक्ष नीरज चंद्रा, देवेंद्र सिंह, दुर्गपाल सिंह , आयुष प्रताप , विपिन जाटव, रजनीश चौहान, अनित , मनोज, रविन्द्र पाल, मुकेश ठाकुर, वालेचरन वाल्मीकि, दूल्हा नंबरदार, खुर्शीद मौलाना, मनोज तोमर, रंजीत यादव, कल्लू प्रधान , रूपचंद प्रजापति, वीरपाल , अशोक प्रजापति, परशुराम सैनी, गुड्डू लोधी सहित समस्त मंडल कार्यकारणी, शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी प्रवासी, बूथ अध्यक्ष सहित प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए।



# रॉयल पब्लिक स्कूल में दीपावली पर पहलगाम के शहीदों को किया याद

■ शहीदों की याद में रंगोली उकेरकर जलाया दिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के डाकबंगले के निकट स्थित रॉयल पब्लिक स्कूल में शनिवार को दीपावली का पर्व नम आंखों से मनाया गया। रॉयल पब्लिक स्कूल में दीपावली पर्व के मौके पर स्कूल प्रांगढ़ में छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली उकेरी और एक दीया देश के शहीदों के नाम जलाया गया। इस दौरान शिक्षक-शिक्षिकाओं और कॉलेज चौयरमेन व बिलारी विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने भी पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों को याद किया गया और दीप जलाए।

बिलारी विधायक हाजी मौहम्मद फहीम इरफान ने शहीदों को याद करते हुए कहा कि 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम हादसे में जो 26 नागरिक शहीद हुए है उनके परिवार दीपावली के पर्व पर शहीदों को याद करते हुए गमगीन होंगे, क्योंकि उनके परिवार में दीपावली की खुशी को वह इतने अच्छे से नहीं मना पाएंगे, क्योंकि उन्होंने अपनों को खोया है। कहा कि दीपावली पर्व रोशनी का पर्व है, कहा कि सभी के जीवन में रोशनी लेकर आए। इस अवसर पर मुख्य रूप से कॉलेज प्रबन्धक मौहम्मद हस्सान उर्फ फैजी, प्रधानाचार्य एमकुमार, जावेश आलम, मौहम्मद अली, आरिफ, आसिम, पीयूष, आर्यंश, नूर जहां, कामना, उषा, निखलेश शर्मा, अमन जौहरी, निशा ठाकुर, अजरा खान, सुबोध, शकील, शीतल, सुमायला, आयुषी, नेहा, उमूल, दिव्या, अमत, शिवानी, नेहा नाज, जिया, नेहा आदि शिक्षक-शिक्षिका का सहयोग रहा




# पुलिस ने आधा दर्जन से ज्यादा लोगों का किया शांति भंग में चालान



**कांठ( शाह टाइम्स )** शांति भंग की आशंका के चलते पुलिस ने आधा दर्जन से ज्यादा लोगों का चालान किया है। थाने से मिली जानकारी के मुताबिक गजराम पुत्र छोटे निवासी विलायत नगर यही के पंकेस पुत्र घासी, धर्मपाल पुत्र मुसद्दी, उमरी कला के अहमद पुत्र फारूक एवं पैंदापुर के रिशिपाल पुत्र राम सिंह के साथ-साथ अकबरपुर चौदरी निवासी विशाल पुत्र हो राम और अभिनव पुत्र हरि सिंह का चालान किया है बताया गया कि उक्त लोगों द्वारा दंगा फसाद और झगड़ा किया जा रहा था जिसके चलते यह कार्रवाई की गई है।




# श्रीकृष्ण के पराक्रम से बचा था महिलाओं का अस्तित्वः रमेश आर्य

■ पति में रक्षा, सुरक्षा और संरक्षण की व्यापकता समाहित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद पर साप्ताहिक यज्ञ व सत्संग का आयोजन किया गया। पंडित वीरेंद्र आर्य ने मंत्री रमेश सिंह आर्य एडवोकेट की यज्ञमानी में वैदिक रीति से यज्ञ संपन्न कराया तत्पश्चात दीपेन्द्र सिंह आर्य ने ईश्वरीय भक्ति भजन प्रस्तुत किया। वेदमुनि ने महर्षि दयानंद सरस्वती के अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश का पाठ किया और डा राममुनि ने स्वास्थ लाभ के उपाय बताए। सत्संग में ष्नरकाचौदशष पर आर्य समाज स्टेशन रोड मुरादाबाद के मंत्री रमेश सिंह आर्य एडवोकेट ने बताया कि आज का दिन श्रीकृष्ण के पराक्रम को स्मरण करने का और महिलाओं के अस्तित्व की रक्षा तथा क्रूर और महिलाओं के जघन्य अत्याचारी राक्षस के अंत का दिवस है। इसलिए आज विशेष कर महिला जाति के लिए एक स्वतंत्रता का दिवस भी है। वर्तमान समय में असम और तत्समय ज्योतिषपुर के राजा नरक. ासुर ने समस्त भारत से जैसा कहा जाता है 16हजार महिलाओं का अपहरण करके अपने यहां कैद कर रखा था। देश के अनेक राजाओं ने महिलाओं को मुक्त कराने को नरकासुर राक्षक से युद्ध किये




लेकिन पराजित होते गये अंत में श्रीकृष्ण द्वारिकापुरी से नरकासुर की राजधानी ज्योतिषपुर गये और नरक. ासुर को युद्ध में पराजित कर सभी महिलाओं को मुक्त कराया। इसलिए आज के दिन को महिलाएं की स्वतंत्रता का और श्रीकृष्ण के पराक्रम, वीरता और शौर्य को स्मरण करने का दिवस भी है। रमेश आर्य ने आगे बताया कि आज से श्रीकृष्ण पर 16हजार रानियां रखने का भी कलंक लगा जो सत्यपरक नहीं है ,पति शब्द की व्यापकता को न मानकर उसको संकुचित अर्थो मे प्रसारित किया गया जिससे श्रीकृष्ण जैसे महापराक्रमी, महिलाओं के रक्षक, पालक और संरक्षक को गलत रुप से कलंकित किया गया है लेकिन आर्य समाज श्रीकृष्ण के चरित्र को पवित्र- पावन ,मानवता का पालक और उच्च आदर्शवादी मानता है। रमेश आर्य ने बताया कि आर्य समाज पति शब्द को व्यापक रूप से मानता है । पति का आशय है रक्षक, संकल्पबद्ध,और पालक। कन्या का पिता भी जब अपनी जान से प्यारी बिटियां का पाणिग्रहण संस्कार करता है तब वर से वचन लेता है कि अब तक जिस तरह मैंने इसकी सब तरह से रक्षा,सुरक्षा और पालन किया है आज के बाद यह जिम्मेदारी आपकी है, इस जिम्मेदारी का नाम पति है। किसी देश का प्रथम नागरिक को भी राष्ट्रपति कहां जाता है,देश का राजा भी अपनी प्रजा का पति होता है। ऐसे ही भूपति, प्रजापति, अश्वपति,ग्रहपति, बृहस्पति, प्रथ्वी पति, सेनापति अधिपति,जगतपति, कुलपति, कुलाधिपति, और सभापति आदि नाम सार्वभौमिक जिम्मेदारी के है। इसी तरह श्रीकृष्ण भी उन 16हजार महिलाओं के पाणिग्रहण संस्कार की तरह होने वाले पति नहीं अपितु एक रक्षक ,संरक्षक और पालक के रुप में थे।

आयोजन में अरबिंद आर्यबंधु मयंक आर्य विजय कौशिक सुमित आर्य रविंद्र आर्य डा आलोक कुमार लोकेश आर्य यशपाल आर्य ,प्रज्ञाशु आर्य विनोद कुमार गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता कपिल आर्य डा रामन. रेश सिंह, निहाल सिंह राकेश कुमार, राजेश नारंग, अर्जुन सिंह प्रफुल्ल आर्य, अमित आर्य आदि उपस्थित रहे।




# मिशन शक्ति के तहत महिला पुलिसकर्मियों ने चलाया जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0)' के अंतर्गत रविवार को जनपद सम्भल में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार एवं अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा के निर्देशन में जनपद के सभी थानों पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत चौपालों एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों में महिलाओं व बालिक. ाओं को सुरक्षा संबंधी अधिकारों, सरकारी योजनाओं एवं हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। महिला पुलिसकर्मियों ने बालिक. ाओं को आत्मरक्षा, असामाजिक तत्वों से बचाव एवं महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण की प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया। साथ ही बताया गया कि शासन एवं पुलिस विभाग महिलाओं को सशक्त, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। 'मिशन शक्ति-5.0' अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मियों ने जनपद के प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूलों, कॉलेजों, धार्मिक स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पंपलेट वितरित कर विभिन्न सरक. ारी योजनाओं की जानकारी दी। इनमें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, यूपी राज्य ग्रामीण आजी. विका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पीएम स्वनिधि योजना, आयुष्मान भारत योजना, महिला शक्ति केंद्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना आदि शामिल हैं। इसके साथ ही महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस 108, महिला हेल्पलाइन 181, और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 प्रमुख हैं। मोबाइल पर 'पैनिक बटन' और 'इमरजेंसी कॉल' का भी डेमो प्रस्तुत किया गया।



महिला पुलिसकर्मियों ने कहा कि यह अभियान न केवल सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ा रहा है, बल्कि महिलाओं को आत्मविश्वास एवं सशक्तिकरण की दिशा में प्रेरित भी कर रहा है।

# खुले बाल आश्रय गृह में बच्चों संग दिवाली मनाकर बांटी खुशियां



**मुरादाबाद।** शिव पार्वती रसोई परिवार मुरादाबाद के अध्यक्ष पुष्प यादव एवं उनकी पूरी टीम द्वारा इस वर्ष दिवाली का पर्व एक खास अंदाज में मनाया। उन्होंने अपनी टीम के साथ खुला बाल आश्रय गृह (ब्वेउवे भ्वेचपजंस के पास) पहुँचकर वहाँ रहने वाले बच्चों के साथ दिवाली धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर बच्चों को उपहार, मिठाइयाँ और स्टेशनरी किट वितरित किए गए। आश्रय गृह में दिवाली का उल्लास देखते ही बनता था। बच्चों ने दीये जलाए, रंगोली बनाई और मिलजुलकर त्यौहार का आनंद लिया। मासूम चेहरों पर खुशी की मुस्कान ने पूरे माहौल को रोशन कर दिया। अध्यक्ष पुष्प यादव ने कहा, "दिवाली की असली खुशी तभी है जब हम इसे समाज के हर वर्ग के साथ बाँटें। इन बच्चों की मुस्कान ही हमारे लिए सबसे बड़ा उपहार है।" इस पहल के जरिए समाज को यह संदेश दिया गया कि दिवाली सिर्फ रोशनी और पटाखों का त्यौहार नहीं, बल्कि प्यार, अपनापन और खुशियाँ साझा करने का अवसर है। शिव पार्वती रसोई की इस पहल की सभी ने सराहना की। इस अवसर पर संस्था की ओर से दि बार एसोसिएशन एण्ड लाइब्रेरी के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता प्रत्यूष यादव आशुतोष त्यागी सुमित टंडन विशाल कांत योगेश भारती सुनीत अग्रवाल ओमप्रकाश सिंह आदि संस्था के सदस्य मौजूद रहे।













# महिला की शिकायत पर चार के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** महिला की शिकायत पर पुलिस ने देवर जेठ नंद और नंदोई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। थाना छजलैट के गांव लदावली निवासी पूजा पत्नी विनोद का आरोप था की 16 अक्टूबर को 9:00 बजे उसका देवर सतीश पुत्र मलखान जेठ पप्पू नंदोई उमेश नंनद सुमन ने उसके व उसके पति के साथ गाली गलौज की और मारपीट की। सतीश और पप्पू पर महिला ने चाकू मार कर घायल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह लोग आए दिन किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा करते रहते हैं।

पुलिस ने महिला की शिकायत पर चारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जान शुरू की है।

# सम्पादकीय

सोमवार, 20 अक्टूबर 2025

## मुहब्बत से मनाएं दिवाली

दुनिया में तमाम त्योहार लोगों में खुशियां, भाईचारा, एकजुटता, मुहब्बत का पैगाम देने के लिए जाने जाते हैं। आप किसी वर्ग, किसी भी समुदाय में आस्था रखते हों, इससे कोई ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। भारत तो वैसे भी विभिन्न संस्कृतियों वाला देश रहा है। इसलिए यहां धर्मों का विशेष महत्व होने के साथ-साथ त्योहारों का भी विशेष महत्व है। दीपावली भी उनमें से एक ऐसा त्योहार है, जिसका अपना एक धार्मिक, ऐतिहासिक महत्व है। यह बुराई पर अच्छाई के रूप में मनाया जाता है। दीपावली मनाने को लेकर लोगों में किस तरह का जोश है, वह बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखकर साफ देखा जा सकता है। लोग अपने सामर्थ्य अनुसार धनतेरस को लेकर खरीदारी कर रहे हैं। हां यह जरूर कहा जा सकता है कि आर्थिक कारण भी कहीं न कहीं हमारे त्योहारों पर भी प्रभाव जरूर डालते हैं। प्रदूषण भी इस समय बड़ी समस्या बना हुआ है। इन पर प्रतिबंधों का सभी को पालन करना चाहिए, क्योंकि सरकारी स्तर पर प्रतिबंध लगाने से बात नहीं बनती है, जब तक लोग उसमें अपना सहयोग न दें। आखिर कहते भी हैं कि जान है तो जहान है। जब जीव सुरक्षित होगा, स्वस्थ होगा, तभी हर चीज में आनंद आता है। इसलिए पटाखों के साथ-साथ ऐसी चीजों से बचने की आवश्यकता है, जो प्रदूषण फैलाने का काम करें। पराली को लेकर भी लोगों को गंभीरता दिखानी चाहिए, विशेषकर किसानों को। अच्छी बात यह है कि लोंगों में प्रदूषण के प्रति अब जागरूकता भी आ रही है और लोग इसमें अब सहयोग भी करने लगे हैं, लेकिन बेहतर हो कि इस तरह के फैसले समय पर लिए जाएं। जहां तक बात लोगों की है, जैसाकि हमने पहले ही कहा कि त्योहार के प्रति लोगों में जुनून स्वाभाविक है, लेकिन इस बार लोगों को थोड़ा इस पर अहतियात बरतने की भी आवश्यकता है। बेहतर यही है कि पटाखों को लेकर जो सरकार ने गाइडलाइन जारी की है, लोग उसका पालन करें। अब यह कोई मुश्किल काम भी नहीं है, क्योंकि हम अब इसके काफी अभ्यस्थ भी हो चले हैं और सबसे बड़ी बात हम एक-दूसरे की सहलूलियत का ख्याल रखें और अपनी तरफ से कोई भी ऐसा काम न करें, जिससे किसी का दिल दुखे। आखिर त्योहार हमें सीख तो यही देते हैं कि हम जहां तक भी संभव हो, ऐसा काम करें जिससे लोगों में प्यार, विश्वास, सौहार्द बने, यही सच्चे अर्थों में त्योहार मनाने की कला भी है और त्योहारों का असल मकसद भी यही है।

### जमीनी तैयारी तेज करें राज्य की इकाइयां



जमीनी तैयारी तेज करें और सर्वसमाज में पार्टी की जनाधार बढ़ाने के लिए मिशन मोड में कार्य करें, देश में बढ़ती गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, महिला असुरक्षा, जातिगत भेदभाव और भ्रष्टाचार ने आम जनजीवन को प्रभावित किया है, सरकारों की संकीर्ण जातिवादी व राजनीतिक स्वार्थ की नीतियों से देश का स्वाभाविक विकास बाधित हुआ है, जब तक दलितों, पिछड़ों और अन्य बहुजन समाज के लोगों को राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक न्याय नहीं मिलेगा, तब तक वास्तविक समानता और स्वतंत्रता संभव नहीं, बीएसपी का लक्ष्य समाज के वंचित वर्गों को सत्ता की चाबी अपने हाथों में देकर सशक्त बनाना है।

**-मायावती, बसपा प्रमुख**

## बारूद नहीं, दीप जलाएं, हरित दीपोत्सव की ओर कदम बढ़ाएं



**योगेश कुमार गोयल**

दीवाली, उजालों का त्योहार, खुशियों का स्वागत! लेकिन जब यही जश्न हमारी सांसों को घुटन से भर दे और हमारे वातावरण को जहर बना दे, तब सवाल उठना लाजिमी है कि क्या हम सच में रोशनी फैला रहे हैं या अंधकार को और गहरा कर रहे हैं। भारत में सदियों से दीयों की झिलमिलाती रोशनी और हल्की आतिशबाजी के साथ दीपोत्सव मनाने की परंपरा रही है। यह पर्व अच्छाई की विजय, प्रकाश की महिमा और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है परंतु पिछले कुछ दशकों में इसका स्वरूप इस कदर बदल गया है कि अब यह 'आतिशबाजी का युद्ध' प्रतीत होता है। वह उत्सव, जो कभी शांति और प्रकाश की अनुभूति देता था, आज शोर, धुएं और प्रदूषण का प्रतीक बन चुका है।

बारूद से लबालब पटाखों की चमक पलभर में न केवल जान-माल का खतरा पैदा करती है बल्कि वायु, ध्वनि और मिट्टी तीनों को गहराई से प्रदूषित करती है। इन पटाखों में बेरियम, सीसा, गंधक और कॉपर जैसे रासायनिक तत्व होते हैं, जो फूटने के बाद घंटों तक वातावरण में तैरते रहते हैं। बेरियम रेडियोधर्मी और विषैला होता है, कॉपर कैंसर का खतरा बढ़ाता है और गंधक श्वसन तंत्र को नष्ट करता है। सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड और कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैसें न केवल फेफड़ों और दिल पर असर डालती हैं बल्कि बच्चों और बुजुर्गों के लिए जानलेवा साबित होती हैं।

ध्वनि प्रदूषण भी किसी हथियार से कम नहीं। कई जगहों पर पटाखों की आवाज 130 से 150 डेसीबल तक पहुंच जाती है, जो कानों की सीमा से कहीं ऊपर है। इसका सीधा असर नींद, तनाव, हृदय की गति और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। यह केवल मनुष्यों को नहीं बल्कि पशु-पक्षियों और पालतू जानवरों को भी भयभीत कर देता है। कई शोध बताते हैं कि पटाखों की तीव्र ध्वनि पशुओं की सुनने की क्षमता को स्थाई नुकसान पहुंचाती है। प्रदूषण के इस असर ने पुरुषों के प्रजनन स्वास्थ्य को भी प्रभावित किया है। विशेषज्ञों के अनुसार, वायु प्रदूषण के कारण शुक्राणुओं की संख्या में 40 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है।

जब हर दसवां भारतीय अस्थमा से जूझ रहा हो और हवा गर्भस्थ शिशु तक के लिए विष बन चुकी हो, तब एक रात की यह आतिशबाजी केवल असंवेदनशीलता का प्रतीक बन जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने इस गंभीर स्थिति पर हाल ही में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि प्रदूषण नियंत्रण केवल दिल्ली या एनसीआर की समस्या नहीं बल्कि पूरे देश का दायित्व है। इस वर्ष केवल एनईईआरआई द्वारा प्रमाणित 'हरित पटाखों' की अनुमति दी गई है, जिनमें बेरियम, सीसा या आर्सेनिक जैसे जहरीले रसायन नहीं होंगे।

प्रत्येक पैकेट पर क्यूआर कोड अनिवार्य होगा ताकि नकली या विषैले पटाखों की बिक्री पर अंकुश लगाया जा सके। साथ ही, अदालत ने दीवाली पर पटाखे चलाने के लिए एक निश्चित समय तय किया है। ऑनलाइन बिक्री को पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है और आदेश उल्लंघन पर लाइसेंस रद्द करने व स्टॉक जब्त करने की चेता. वनी दी गई है। परंतु अदालत के आदेश तभी सार्थक होंगे, जब नागरिक अपने हिस्से की जिम्मेदारी निभाएं। पर्यावरण संरक्षण केवल कानून का नहीं, चेतना का विषय है। जब तक लोग स्वयं संवेदनशील नहीं होंगे, कोई भी नीति या न्यायालय पृथ्वी को नहीं बचा सकते। दीवाली की असली सुंदरता पटाखों के धमाकों में नहीं, दीयों की रोशनी में है, वह रोशनी, जो हमारे घर, मन और समाज को प्रकाशित करती है। आज यह पर्व, जो कभी स्वच्छता और सादगी का प्रतीक था, अब कचरे और धुएं में डूबता जा रहा है। यह कैसी दीवाली है, जो हमारी सांसें छीन लेती है?



अब समय है कि हम अपनी परंपराओं को आधुनिक विवेक से जोड़ें। यदि आतिशबाजी करनी ही है तो केवल हरित पटाखों का सीमित प्रयोग करें। अपने घरों और गलियों को दीयों की रोशनी से सजाएं, एक-एक पौधा लगाएं और बच्चों को सिखाएं कि असली उजाला वही है, जो जीवन को बचाए, न कि उसे धुएं में डुबो दे। दुनिया के कई देशों में त्योहारों के साथ पर्यावरणीय जिम्मेदारी जुड़ी होती है। ऑस्ट्रेलिया में दिसंबर में एक उत्सव पर हर परिवार आतिशबाजी के साथ एक पौधा भी लगाता है, यह छोटी-सी परंपरा गहरे संदेश देती है। भारत भी ऐसा कर सकता है, जहां उत्सव और पर्यावरण का संतुलन साथ चले।

आज जब दिल्ली सहित देश के कई अन्य शहरों की हवा पहले से ही जहरीली हो चुकी है, हमें यह स्वीकार करना होगा कि एक रात का आनंद आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से बड़ा नहीं हो सकता। हमें अपने बच्चों को ऐसी दीवाली देनी है, जो सिर्फ आंखों को नहीं, दिलों को भी उजाला दे। दीवाली दीयों की हो, धमाकों की नहीं क्योंकि असली रोशनी वही है, जो प्रकाश के साथ करुणा और जिम्मेदारी का संदेश फैलाती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## राम को तो रोज अपने घर लौटना चाहिए



**श्रवण गर्ग**


हमें एक ऐसी दीपावली की दरकार है जो साल भर अविराम चलती रहे। हमने अनुभव कर लिया है कि जिस रावण का विजयदशमी के दिन दहन होता है वह पूरे साल नष्ट नहीं होता। राम साल में सिर्फ एक बार ही हमारे जीवन की अयोध्या में लौटते हैं। हम पूरे साल रामकी प्रतीक्षा में रावण को जीते रहते हैं।

राम की प्रतीक्षा के दीपोत्सव में राष्ट्र अपनी साल भर की उदासी के उपवास को सामूहिक उल्लास के जरिए तोड़ता है ! समाज जैसेअपनी संपूर्ण देह और चेतना के साथ एक रात के लिए प्रार्थनाओं के एक घने जंगल में प्रवेश कर पेड़ों से जमीन पर पड़ कर सूख चुकेपत्तों पर दीप-नृत्य करते हुए शोर पैदा करता है।

अमावस्या का अंधकार जैसे-जैसे गहरा रहा है, हम उतने ही ज्यादा डरते हुए रोशनी और शोर में इजाफा करते जा रहे हैं। न तेज रोशनीआंखों को चुभ रही है और न चीखता हुआ क्रूर शोर कानों को भेद रहा है। रोशनी और शोर हमारी सामूहिक उदासी को तात्कालिक रूप से लील जाते हैं। त्योहार को मनाने का उत्साह जैसे साल भर की उदासी, एकाकीपन और रिक्तता से अस्थाई मुक्ति का अवसर प्रदान करता है, उसकी समाप्ति के बाद महसूस होने वाली थकान अपने को पीड़ाओं के पुराने जंगल में वापस लौटाने का भय होती है।

राम के रूप में एक नायक के वनवास से लौटने की उत्कंठा में हम वास्तव में अपने-अपने संघर्षों की कथाओं के किसी सुखद समापन की संभावनाएं तलाशते हैं। संघर्ष उन शक्तियों के खिलाफ जो हमारी सामूहिक चेतना को अवसाद की लंकाओं में परिवर्तित करते रहते हैं। इसीलिए हम राम को आदर्श और नायक दोनों ही रूपों में एकसाथ आत्मसात करना चाहते हैं। हम जब बखान करते हैं कि हमें अपनी अयोध्या में राम की प्रतीक्षा है तो स्वीकार नहीं करना चाहते कि हम कितने भयभीत हैं।

हम रामकी वापसी उनका वैभव उन्हें वापस सौंपने के लिए नहीं बल्कि अपने वैभव की रक्षा की कामना के लिए करना चाहते हैं। दीयों के तेजप्रकाश के बीच हमारे चमचमाते हुए चेहरे इतने भयातुर हैं कि अपने भगवान को अयोध्या की सीमाओं पर ही रोककर अपनी महत्वाकांक्षाओं के सारे वनवास उनके हवाले कर देना चाहते हैं।



हकीकत यह है कि राम की अयोध्या वापसी के पर्व को हम अपनी जड़ों में वापस लौटने का संबल बनाना चाहते हैं। हम थक चुके हैं और बहुत सारी जगहों के वनवासों, लड़ाइयों से मुक्त होकर अपनी-अपनी अयोध्या में वापस लौटना चाहते हैं। हम डर रहे हैं कि उत्सव की समाप्ति के साथ ही हमें अपने अवसादों के बियाबानों में फिर वापस लौटना पड़ेगा। हमें एक ऐसी दीपावली की जरूरत है जो राम कीप्रतीक्षा में साल भर चलती रहे और हमारी आत्माओं में बसे हुए राम रोज अपने घर आते रहें।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## जब इतिहास बोलता है, तो भविष्य सुनता है



**वाहिद नसीम**



कल्पना कीजिए एक ऐसा खेलक्षेत्र, जहां गेंद न केवल लकड़ी से टकराती है, बल्कि हड्डियां चूर-चूर कर देती है। 1970-80 के दशक में वेस्टइंडीज की कैरेबियन तूफान विवि रिचर्ड्स की आग, माइकल होल्डिंग की बिजली, मैल्कम मार्शल की बौछार ने विश्व को कांपाया। इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, भारत सभी डरे। सुनील गावस्कर ने कहा, उनके सामने बल्लेबाजी आत्महत्या है। 15 वर्ष अजेय! 47 टेस्ट जीत, सिर्फ 6 हार, लेकिन जब हारना मुश्किल हो गया, तो मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब वह गोरी नस्ल का संरक्षक क्रिकेटनियमों का इकलौता मालिक जो नियमों की चालाकी से खेल पलट देता है और दुनिया की अजय टीम हारने लगती है। यह क्रिकेट नहीं, उपनिवेशवाद का अदृश्य युद्ध था।

MCC ने 1980 के कोड में बदलाव किया। वेस्टइंडीज की जीत का रहस्य उनकी फास्ट बॉलिंग की आक्रामकता, बाउंसरों की बरसात, जो गोरे बल्लेबाजों की नींद उड़ा देती उसे अनफेयर घोषित कर दिया। अंडरआर्म बॉलिंग (ट्रेवर चौपल का विवाद) प्रतिबंधित, लेकिन असली निशाना वेस्टइंडीज की ओवरआर्म स्पीड भी थी। LBW नियम सरलीकृत, बैकफुट नो-बॉल सख्त सब गोरी टीमों के फायदे के लिए। जिस गेंद अंग्रेज स्विंग से मारते (जैसे बॉब विलिस), उसे कला कहा गया। वहीं वेस्टइंडीज की बाउंसर बमबारी को खेल-विरोधी करार दे दिया गया। नतीजा? 1991 तक वेस्टइंडीज राज समाप्त कर दिया गया। यानि जो खेल कर नहीं जीत सकते थे उन्हे MCC के नियमों ने जीत दिलाई। यह बाइमेनी की जीत थी गोरे उपनिवेशवादी, काले गुलामों को मैदान पर भी गुलाम बनाए रखने में सफल रहे। वेस्टइंडीज की टीम की इस टेक्निकल हत्या पर गुलामों का कोई स्वर बाहर नहीं आया।

### उपनिवेशवाद का ब्रह्मास्त्र नियमों का अदृश्य जाल

ऐसा सिर्फ, क्रिकेट खेल में नहीं बल्कि ब्रिटिश साम्राज्यवाद ने द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद आजादी का ढोंग में भी ब्रिटिश उपनिवेशवादी सोच के हिसाब से अदृश्य नियम गढ़े।

जैसे गुलामी के जमाने में पुलिस नियम थे ज्यादा तर वही आज भी हैं फौज नियम, शिक्षा नियम, यूनाइटेड नेशन नियम, मिलेनियम गोल, IMF नियम, SDGS नियम, वर्ल्ड बैंक नियम। पर्यावरण नियम। यानि हर नियम अपनी सुविधा और हमारी गुलामी को ध्यान में रक कर किसी को वेस्ट इंडीज बनने की दौड़ से बाहर ही रखा असल बात यह है कि हमारे ही खिलाफ बनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय नियम हम उन्हें चेलेंज ही नहीं कर पाते या समझ ही नहीं पाते।

साउथ एशिया की अधिकतर मूर्ख जनता अनभिज्ञता पर भी खूब घमंड कर लेती है, क्योंकि सीमित सोच के अधीन कर दी गई जनता एक उपनि. वेश से निकल कर दूसरे उपनिवेश की ओर तो जा सकती है। आजादी की ओर हरगिज नहीं। अधिनायकवाद ही इनका मुकद्दर है।

## क्या कृत्रिम बुद्धि बता सकती है आपकी सेहत का भविष्य?

आमतौर पर किसी व्यक्ति को भविष्य में संभावित स्वास्थ्य सम्बंधी जोखिमों का अनुमान उसके स्वास्थ्य-सम्बंधी अतीत, वर्तमान जीवनशैली वगैरह के आधार पर लगाया जाता है। अब वैज्ञानिकों ने Delphi-2M नाम का एक नया एआई टूल तैयार किया है जो इस काम को ज्यादा विश्वसनीयता और सटीकता अंजाम दे सकता है। यह टूल कैंसर, त्वचा रोग और प्रतिरक्षा प्रणाली से जुड़ी गड़बड़ियों जैसी हजार से ज्यादा बीमारियों का खतरा भांप सकता है। नेचर पत्रिका में प्रकाशित यह खोज स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा परिवर्तन ला सकती है। अभी तक मौजूद एआई टूल्स केवल किसी एक बीमारी की संभावना बताते हैं, जैसे दिल की बीमारी या कैंसर।

पूरी तस्वीर पाने के लिए डॉक्टरों को कई मॉडल इस्तेमाल करने पड़ते हैं। लेकिन क्मसचीप-2ड एक ही जगह पर सभी बीमारियों की पूरी जानकारी दे देता है। यह टूल वैज्ञानिकों ने चौटजीपीटी जैसे चौटबॉट्स को चलाने वाले एक लार्ज लैंग्वेज मॉडल में परिवर्तन कर बनाया है। जहां लार्ज लैंग्वेज मॉडल वाक्य में अगले शब्द का अनुमान लगाता है, वहीं Delphi-2M इंसान के स्वास्थ्य पर आने वाला खतरों का अनुमान लगाता है। इसमें उम्र, लिंग, बॉडी मॉस इंडेक्स, धूम्रपान व शराब की आदतें, मेडिकल इतिहास और जीवनशैली जैसी जानकारियां डाली जाती हैं। इस टूल को यूके बायोबैंक के चार लाख लोगों के स्वास्थ्य डैटा से प्रशिक्षित किया गया है। इसके परीक्षण में पाया गया कि Delphi-2M के अनुमान एकल बीमारी वाले मौजूदा मॉडलों जितने ही सटीक हैं, बल्कि कई बार उनसे बेहतर भी निकले। यहां तक कि यह एक अन्य उन्नत एआई टूल से भी आगे निकल गया, जो खून में उपस्थित जैविक संकेतकों से बीमारियां पहचानता है। विशेषज्ञों का मानना है कि एक साथ कई बीमारियों का अनुमान लगाने की क्षमता इसे काफी अनोखा बनाती है। यदि यह ब्रिटेन के बाहर अलग-अलग आबादी में भी सफल होता है तो यह डॉक्टरों को ज्यादा खतरे में रहने वाले मरीजों को पहले ही पहचानने में मदद करेगा। इससे समय पर बचाव, जीवनशैली में सुधार और व्यक्तिगत स्वास्थ्य योजनाएं बनाना आसान हो जाएगा जो लाखों लोगों को गंभीर बीमारियों से बचा सकती हैं। लेकिन एक स्वाभाविक सा सवाल उठता है। भारत जैसे देश में, जहां बीमारी हो जाने के बाद भी इलाज नहीं मिलता, वहां 10 साल बाद की भविष्यवाणी व्यक्ति को चिंता के अलावा और क्या दे पाएगी?

**-स्रोत फीचर्स**

सभी क्षेत्रवासियों, अधिवक्ताओं, अधिकारियों को दीपावली- 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रदीप कुमार एडवोकेट
अध्यक्ष
मो.- 9837778707

दीपक विश्नोई एडवोकेट
महासचिव
मो.- 9837147337

तहसील बार एसोसिएशन, कांठ जिला (मुरादाबाद)





सभी क्षेत्रवासियों, ग्राम प्रधानों बीडीसी सदस्यों, ग्राम पंचायत सदस्यों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

चौ. राजपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख छजलैट, मुरादाबाद

चौ. विजयपाल सिंह, पूर्व चैयरमेन सहकारी गन्ना विकास समिति, कांठ

श्रीमती लोकेश सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख छजलैट, मुरादाबाद

आपका अपना :- चौ. राजपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख, छजलैट तहसील कांठ जनपद मुरादाबाद



सुखदेव हॉस्पिटल

दीपावली, गोवर्धन पूजा, भईया दूज एवं गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं

EMERGENCY 24 HOURS 8392916666

डॉ. निष्कर्ष विश्नोई
डायरेक्टर मेडिकल सर्विसेज़

पता- थाने का मैन गेट, जैन साहब का क्रेशर, कांठ (मुरादाबाद)



जय श्री राम

सभी देशवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

चौ0 मोनू विश्नोई
( बजरंगी )

निवेदक:- विश्व हिन्दू परिषद (बजरंग दल)
समस्त पदाधिकारी व कार्यकर्ता नगर व ग्रामीण क्षेत्र, मुरादाबाद


-: प्रस्तुति :-
ओमवीर सिंह एवं तनवीर आलम, कांठ
एस.के. सक्सैना चन्दौसी


एवरग्रीन स्कूटी एंड एस.बी. चिल्ड्रन एकेडमी, कांठ (मुरादाबाद) की ओर से दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

विशाल विश्नोई

गौरव विश्नोई



सभी कांठ क्षेत्रवासियों को दीपावली, गोवर्धन व भैय्या दूज की हार्दिक शुभकामनाएं

हमारा पंप
ओम साईं राम

कुंवर सुरेन्द्र सिंह
चेयरमैन गन्ना विकास सहकारी समिति, कांठ
मो. 9410678592, 9456455392

शुद्ध पेट्रोल-डीजल के एकमात्र पम्प

ओम साईं राम फिलिंग स्टेशन, फतेहपुर विश्नोई तहसील कांठ, मुरादाबाद



सभी कांठ क्षेत्रवासियों को धनतेरश, दीपावली, गोवर्धन व भैय्या दूज की हार्दिक शुभकामनाएं

जुल्फकार अहमद

पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी नगर पंचायत कांठ, मुरादाबाद



सभी कांठ क्षेत्रवासियों शिक्षक-शिक्षिकाओं, अभिभावकों, प्यारे बच्चों एवं अधिकारियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

भुवनेश कुमारी
प्रधानाध्यापिका
मो. 9412389429

प्राथमिक विद्यालय माननगर, विकास खण्ड, छजलैट, तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद



दीपावली, भैय्या दूज, गोवर्धन व गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं

धन्वन्तरि अस्पताल
पता :- थाने के पास, कांठ, मुरादाबाद
मो. 7351406481, 7060676424, 8218535501

स्त्री रोग, नार्मल डिलिवरी, पेट रोग, तिल्ली का बढ़ना, लीवर की चर्बी, पीलिया, बबासीर / पाइल्स, टी.बी., दमा, पेट में आंतों की टी.बी., उल्टी व दस्त, गुर्दे की बीमारी, ई.सी.जी., नेबुलाइजर, शरीर में ऑक्सीजन व शुगर जांच, बुखार, घबराहट व खून की कमी, दौरे पड़ना, खुजली व दाद, गठिया व जोड़ों का दर्द, बी.पी., शुगर, थायराइड, दिल, दिमाग की बीमारी का इलाज।

डा०अनुज चौधरी — बी.ए.एम.एस., सी.टी.वाई. फिजिशियन, पेट रोग विशेषज्ञ

डा०रीता चौधरी — बी.ए.एम.एस. स्त्री रोग विशेषज्ञ

डा०हर्षवर्धन सिंह — एम.बी.बी.एस./एम.डी.फिजिशयन .फिजिशयन एवं शुगर रोग विशेषज्ञ

डा०शिल्पी — बी.ए.एम.एस. स्त्री रोग विशेषज्ञ



Reg. No. PC. PNDT/2016/123

श्री साईं अल्ट्रासाउंड सेंटर

दीपावली, गोवर्धन पूजा, भईया दूज एवं गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं

Dr. Parvez Malik
M.B.B.S., P.G.D.U.S.
Sonologist

Dr. Pushpendra Kumar
B.Sc., M.L.T.
7535801088

COLOUR ULTRASOUND
X-Ray & Pathology Lab

नोट : गर्भवती महिलायें अपने साथ आधार कार्ड या पहचानपत्र लेकर आयें।

Add.: Near Tajmahal Talkies Mishri Begumpur Road, Kanth, Moradabad (U.P.)

Helpline : 7535801088, 7055941660



सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

ADVOCATE

आपका अपना:- चौ.चरन सिंह ढाका

पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पूर्व महासचिव तहसील बार एसोसिएशन कांठ विधि सलाहकार उ.प्र. ग्रामीण बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, जिला सहकारी बैंक एवं केनरा बैंक

पता:-तहसील कांठ अधिवक्ता परिसर, चैम्बर न. -71, मो.9457474443



ग्राम प्रधान कैथल की ओर से समस्त ग्रामवासियों को

धनतेरस, दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

प्रेम यादव, ग्राम प्रधान कैथल
ब्लाक बनियाखेड़ा M. 9634778459

अपील
ग्राम पंचायत कूड़ा निर्धारित स्थानों पर डालें।
अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें।
टंकी खुली न छोड़े। जल है तो कल है।
प्रत्येक ग्रामवासी घरो पर तिरंगा लगायें।
मच्छरों की लारवा को न पनपने दें।

सचिव- प्रेमपाल
ग्राम पंचायत, कैथल



वीनस शुगर लिमिटेड
शिव शक्ति नगर, मझावली, चंदौसी, जिला सम्भल, उ.प्र., पिन-244412

समस्त किसान भाईयों एवं क्षेत्रवासियों को प्रकाश पर्व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

अतुल कुमार सिंह
एम डी

अनुपम कुमार सिंह
सी.ई.ओ.



दीपावली के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

क्वालिटी स्वीट्स
मेन रोड कांठ एवं सहसपुर

उच्च क्वालिटी की मिठाईयां, नमकीन एवं ड्राई फूड मिलने का एकमात्र स्थान

प्रो. वकील अहमद
मो.9758562631



समस्त क्षेत्रवासियों को धनतेरस, दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

मुलायम सिंह यादव डिग्री कॉलेज
मैंथरा आलपुर, बहजोई (सम्भल)

शिक्षा का उत्कृष्ट स्थान

स्नातक- कलावर्ग व विज्ञान वर्ग

HAPPY DIWALI

प्रबन्धक-
प्राचार्य (प्रो) डॉ० दानवीर सिंह यादव
एस०एम० डिग्री कॉलेज, चन्दौसी
मो०- 9719658582



चन्दौसी भारत गैस एजेन्सी की ओर से सभी क्षेत्रवासियों को

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

शुभाकांक्षी-
आयशा अख्तर
चन्दौसी भारत गैस
एफ०आर० रोड, चन्दौसी

हाजी वसीम अख्तर
9711130399



धनतेरस, दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

मानवाधिकार एवं सामाजिक सुरक्षा संरक्षण (रजि०)
भारत सरकार द्वारा निबंधित रजि० 460/561/2023

राष्ट्रीय अध्यक्ष
रामबाबू गुप्ता (सामलिया)

क्षेत्रीय कार्यालय-
आजाद रोड, चन्दौसी (सम्भल)
9720140222, 7906335285